हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 229, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 5 फरवरी, 2022 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## हिस्ट्रीशीटर्स को बाहर रखकर नई हिस्ट्री बनाने के लिए है यह चुनाव : प्रधानमंत्री

### जन चौपाल में पीएम मोदी ने प्रदेश की सुदृढ कानून-व्यवस्था को सराहा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन के अंतराल पर 'जन चौपाल' को संबोधित करने के साथ प्रदेश की सुदृढ कानून-व्यवस्था को सराहा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को दिन में गाजियाबाद, हापुड़ मेरठ तथा अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, प्रत्याशी तथा नेताओं से वर्चुअल संवाद किया। इस इस दौरान वह इन सभी में जोश भी भरा। उनके साथ जन चौपाल में सीएम योगी आदित्यनाथ भी जुड़े थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद उत्तर प्रदेश ने अनेक चुनाव देखे हैं, यहां के लोगों ने अनेक सरकारें बनती-बिगड़ती देखी हैं। इस बार का चुनाव सबसे अलग है। यह चुनाव सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की पहचान को बनाए रखने के लिए है। इस बार का चुनाव हिस्ट्री शीटर्स को बाहर रखने और नई हिस्ट्री बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने इस बार भी मन बना लिया है कि दंगाइयों, माफियाओं को पर्दे के पीछे रहकर के प्रदेश की सत्ता हथियाने नहीं देंगे।




उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, हापुड़ और नोएडा के मतदाताओं को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने 21 चीनी मिले बेची थीं लेकिन पिछले 5 वर्ष में उत्तर प्रदेश में कोई चीनी मिल नहीं बिकी। इन पांच वर्षों में कोरोना कालखंड के दौरान भी सभी 119 चीनी मिलों का संचालन हुआ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में मेरठ और अलीगढ़ में दस फरवरी को पहले चरण में मतदान होना है। जिसके लिए सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में ताकत झोंक दी है। कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर के प्रभावी होने के कारण बड़ी चुनावी सभा पर भले ही रोक लगी है, लेकिन जनसंपर्क अभियान तथा वर्चुअल संवाद जारी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दोपहर में मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद तथा हापुड़ में 'जन चौपालइ के माध्यम से वर्चुअल संवाद किया। इस कार्यक्रम से सीएम योगी आदित्यनाथ भी गोरखपुर से जुड़े। जहां से उन्होंने आज अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया था। जन चौपाल में अलीगढ़ की खैर, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, शहर और इगलास विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता जुड़े। इसमें बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख और लाभार्थी ने भी टीवी के साथ इंटरनेट मीडिया पर प्रसारण देखा। मेरठ की सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंट, मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के सभी मंडलों में बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई। गाजियाबाद की लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और मोदीनगर में वर्चुअल रैली के प्रसारण के लिए प्रबंध थे। हापुड़ जिले में धौलाना, हापुड़ और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्रों के मंडलों में भी रैली से कार्यकर्ता जुड़े। सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी भी किसी एक स्थान पर रैली में जुड़े। 122 मंडलों पर होने वाली इस रैली में कोरोना गाइड लाइन के भी पालन करने के निर्देश थे। इन जिलों के 10469 बूथों पर शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, लाभार्थी और आम जन को बड़ी स्क्रीन के माध्यम से भी जन चौपाल में जोड़ा गया। इससे पहले उन्होंने दो फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, बागपत तथा मुजफ्फरनगर के भाजपा कार्यकताओं के साथ संवाद किया था।

### राजधानी में खुलेंगे फिर स्कूल-कॉलेज और जिम, नाइट कर्फ्यू का समय भी घटेगा

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना महामारी की पांचवीं लहर के चलते बंद किए गए स्कूल-कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थान और जिम खुल जाएंगे। वहीं रात्रि कर्फ्यू की समयसीमा भी एक घंटे कम की जाएगी। यह फैसला शुक्रवार को हुई दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया है। इसकी जानकारी दिल्ली के



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। सबसे पहला फैसला दिल्ली के स्कूलों के संबंध में है। सात फरवरी से नवीं से बारहवीं तक के स्कूल खुलेंगे। धीरे-धीरे अब कोविड केस भी कम हो गए हैं और नवीं से बारहवीं तक के बच्चों के वैक्सीनेशन में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में अभी तो फिजिकल और ऑनलाइन क्लास दोनों चलेंगे लेकिन अब समय आ गया है कि हम धीरे-धीरे उस ओर बढ़ेंगे जब सिर्फ फिजिकल कक्षाएं चलेंगी, ऑनलाइन की जरूरत नहीं पडेगी। नर्सरी से लेकर आठवीं तक के सभी स्कूल 15 फरवरी से खोले जाएंगे। इसके पहले स्कूलों को सभी तरह की उचित तैयारी करने को कहा गया है।

## राहुल गांधी को इतिहास की समझ नहीं, नेहरू और इंदिरा के दौर में चीन-पाक ने कब्जाई जमीनः राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। चीन-पाकिस्तान के संबंधों पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर तीखा हमला करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर जमकर बरसे और कहा कि नेहरू और इंदिरा सरकार के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र पर दो बड़े अवैध कब्जे हुए थे। बता दें कि राजनाथ सिंह 4 फरवरी को होशियारपुर जिले के दसूया में भाजपा उम्मीदवार रघुनाथ सिंह राणा के लिए प्रचार करने पंजाब पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, वरिष्ठ नेता अविनाश राय खन्ना और अन्य मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ ऐसी भी शक्तियां थीं कि जो भी मन में आए वो बोल देती थीं।

उन्होंने कहा कि वह मेरे कांग्रेस मित्रों से माफी मांगेंगे लेकिन राहुल गांधी ने संसद में जो कुछ भी कहा उससे बहुत आहत हुआ है। संसद में राहुल गांधी ने ऐतिहासिक तथ्यों पेश करने की कोशिश की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार के गलत विदेश नीतियों के कारण चीन और पाकिस्तान करीब आए। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, क्या राहुल गांधी को पिछला इतिहास नहीं पता था। पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी को चीन को सौंप दिया, उस समय जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रधानमंत्री थे। इतना ही नहीं काराकोरम हाईवे का निर्माण पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में किया गया था, भारत के प्रधानमंत्री बीजेपी से नहीं थे लेकिन इंदिरा गांधी पीएम थीं और आपने (राहुल) कहा था कि पाक-चीन भाजपा की गलत विदेश नीतियों के करीब आ गया। चीन और पाकिस्तान आर्थिक गलियारा कांग्रेस के शासन के दौरान शुरू हुआ"। राजनाथ सिंह ने आगे दी। सिंह ने कहा, "जब हमारे जवान गलवान घाटी में चीनी सैनिकों से भिड़ रहे थे, जबकि आप यहां नई दिल्ली में चीनी राजदूत से मिलने में व्यस्त थे।" उन्होंने आगे कहा कि भारत ने न तो किसी देश पर हमला किया है और न ही उससे कम शक्ति वाले किसी भी देश के एक इंच के क्षेत्र पर कब्जा किया है। हम केवल



कहा कि हमारे भारतीय सैनिकों ने चीनी सेना के साथ गालवान घाटी की झड़पों में सर्वोच्च बलिदान दिया। चीन के प्रयासों के बावजूद हमारे सैनिकों ने अपनी जान दे दी और चीन को भारत में एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया। उन्होंने (राहुल) कहा था कि भारत ने अधिक सैनिकों को खो दिया जबकि चीन के केवल चार सैनिकों ने गलवान घाटी में अपनी जान गंवाई। क्या आप चीन के आधिकारिक समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स पर विश्वास करेंगे, लेकिन एक प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई अखबार ने बताया कि चीन ने 38-40 हताहतों की सूचना विश्व के कल्याण के लिए विश्व शक्ति के रूप में उभर रहे हैं।

होशियारपुर जिले के अमरी में बड़ी संख्या में सैनिकों के रूप में सैनिकों के बलिदान का आह्वान करते हुए, सिंह ने आगे कहा कि दुनिया की कई ताकतें पंजाब में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के प्रयास कर रही हैं, लेकिन हमें गुरु नानक की शिक्षाओं को याद रखना चाहिए। हमारे आर्मी में एक सिख रेजिमेंट है, वह इसके साहस पर गर्व महसूस करता है। आबादी की तुलना में सिखों ने देश के लिए सबसे ज्यादा कुबार्नी दी है, उसी तरह सेना में सबसे ज्यादा कुबार्नी दी है।

## पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी का भांजा हनी गिरफ्तार, ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में की कार्रवाई

मोहाली। मनी लांड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वीरवार देर रात करीब दो बजे पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भांजे भूपिंदर सिंह हनी को गिरफ्तार कर करोड़, भूपिंदर के साथी संदीप के ठिकाने से 2 करोड़, 21 लाख कीमत के सोने के गहने तथा 12 लाख की रोलेक्स घड़ी बरामद की थी। ईडी ने जालंधर स्थित कार्यलय में वीरवार को भूपिंदर सिंह को



लिया है। हनी को आज मोहाली को अदालत में पेश किया जाएगा। वर्ष 2018 में दर्ज हुए अवैध खनन के एक मामले में 18 जनवरी को भूपिंदर सिंह हनी के मोहाली, लुधियाना व पठानकोट स्थित ठिकानों पर छापे मारे थे। ईडी को भूपिंदर के ठिकाने से 7.9 पूछताछ के लिए बुलाया। करीब 9 घंटे तक हुई पूछताछ के दौरान भूपिंदर सिंह घबरा गया और उसने ईडी अधिकारियों के समक्ष तबियत बिगड़ने की बात कही। इसके बाद उसे जालंधर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। रात करीब 1 बजे अस्पताल ने भूपिंदर की सभी जांच रिपोर्ट नार्मल होने का दावा किया। जिसके बाद रात 2 बजे भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी द्वारा भूपिंदर को आज मोहाली की अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी ने छापामारी के दौरान कहा था कि देशभर में माफियाओं द्वारा करोड़ों रुपये छुपाए गए हैं, जिसे ईडी द्वारा उजागर किया जा रहा है। केवल पंजाब में अवैध रेत खनन मामले लगभग दर्जनभर जगहों पर छापेमारी की है। लुधियाना में भूपिंदर सिंह हनी के आवासीय परिसर से करोड़ों रुपये बरामद हुए थे। कांग्रेस द्वारा सीएम फेस के एलान से पहले चरणजीत सिंह चन्नी के लिए इस गिरफ्तारी के बाद मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मामले को लेकर विपक्ष चन्नी पर हमलावर रहा है। वहीं, अपनी ही पार्टी में इस मामले में चन्नी को प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का साथ भी नहीं मिला है। सीएम फेस की दौड़ में चन्नी व सिद्धू हैं।

## मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ गौतम अडानी बने एशिया के सबसे धनी व्यक्ति

नई दिल्ली। भारतीय व्यवसायी गौतम अडानी 90.1 बिलियन डॉलर के साथ एशिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं, उन्होंने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही अडानी दुनिया के 10वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख भारतीय अरबपति मुकेश अंबानी का नेटवर्थ 89.4 बिलियन डॉलर है। अंबानी पहले सबसे अमीर एशियाई अरबपति थे। अडानी न केवल अंबानी बल्कि मेटा के मार्क जुकरबर्ग को भी पीछे छोड़ चुके हैं। वहीं, एलन मस्क अब भी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति के खिताब पर कायम हैं, उनका नेटवर्थ 232.3 बिलियन डॉलर है। फोर्ब्स के अनुसार, मुकेश अबानी की संपत्ति पिछले 1 दिन में 2.2 बिलियन डॉलर कम हो गई। इससे उनकी कुल संपत्ति 89 बिलियन डॉलर पर आ गई। वहीं पिछले 24 घंटे में गौतम अडानी एंड फैमिली की संपत्ति में 672 मिलियन डॉलर



की गिरावट रही है। वहीं अगर दुनिया के सबसे अमीर शख्स Elon Musk की बात की जाए तो पिछले 1 दिन में उनके नेटवर्थ में 3.3 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। हालांकि इसके बाद भी मस्क फोर्ब्स इंडेक्स में एक नंबर पर काबिज हैं। अमेजन के जेफ बेजोस की संपत्ति में गिरावट की वजह से वह 1 पायदान नीचे खिसककर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। बेजोस की दौलत में गिरावट का फायदा Bernard Arnault & Family को हुआ है। Arnault की संपत्ति अब 193.6 बिलियन डॉलर हो गई है और वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। इन धनकुबेरों की संपत्ति में उतार- चढ़ाव की असली वजह दुनिया भर के शेयर बाजारों में जारी गिरावट है।

## बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर लगा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

कोलकाता। विरोधी राजनीतिक दलों ने बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। भाजपा, कांग्रेस व वाममोर्चा के नेताओं ने सवाल किया कि सूबे की 108 नगरपालिकाओं के चुनाव की घोषणा होने के कुछ देर बाद ही ममता ने प्रशासनिक बैठक कैसे की? गौरतलब है कि राज्य चुनाव आयोग ने गुरुवार सुबह इन नगरपालिकाओं के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की थी और उसके कुछ देर बाद ही मुख्यमंत्री ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में राज्य के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता व नंदीग्राम से भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैठक करके यह बता दिया है कि वह चुनाव आयोग के नियम-कानून को नहीं मानतीं और नगरपालिकाओं के चुनाव में प्रशासन उनकी पार्टी का होकर काम करेगा।



माकपा की केंद्रीय कमेटी के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि इससे साफ समझ में आ रहा है कि राज्य चुनाव आयोग सरकार के नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद को कानून से ऊपर मानती हैं। राज्य चुनाव आयोग और प्रशासन निर्लज्ज होकर उनका दास बनकर काम कर रहा है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह आचरण स्वाभाविक है। ममता ने मुख्यमंत्री रहते पिछले 11 वर्षों में कभी कानून व्यवस्था को माना हो या संविधान का सम्मान किया हो, ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिलता। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं का तर्क है कि प्रशासनिक बैठक पूर्व नियोजित थी। नगरपालिका चुनाव की तारीख की घोषणा उससे कुछ घंटे पहले अचानक से कर दी गई थी। ऐसे में बैठक को टालना संभव नहीं था। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता व नंदीग्राम से भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैठक करके यह बता दिया है कि वह चुनाव आयोग के नियम-कानून को नहीं मानतीं और नगरपालिकाओं के चुनाव में प्रशासन उनकी पार्टी का होकर काम करेगा।

## MSP पर विधानसभा चुनावों के बाद सरकार बनाएगी कमेटी : कृषि मंत्री

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनावों के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कमेटी बनाने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद MSP पर एक समिति की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। तोमर ने कहा कि सरकार ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर MSP पर समिति की घोषणा के संबंध में चुनाव आयोग को लिखा था। मंत्री के मुताबिक, चुनाव आयोग ने सलाह दी है कि एमएसपी पर कमेटी की घोषणा राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा था कि MSP पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। तोमर ने कहा, "पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और एमएसपी को प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है। मामला मंत्रालय के विचाराधीन है और समिति की घोषणा विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी।"

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिए सात चरणों में... 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को मतदान होगा। पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में एक ही दिन 14 फरवरी को वोटिंग होगी। मणिपुर में 27 फरवरी और 3 मार्च को दो चरणों में चुनाव होंगे। उत्तराखंड की 70 सीटों, उत्तर प्रदेश की 403 सीटों, पंजाब की 117, मणिपुर की 60 और गोवा की 40 सीटों पर वोटों की गिनती 10 मार्च को होगी।

## पुणे में निर्माणाधीन भवन ढहने से पांच मजदूरों की दर्दनाक मौत, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

पुणे। महाराष्ट्र में पुणे के यरवदा शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार रात को निमार्णाधीन इमारत के ढहने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और दो जख्मी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर



पीड़ित परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पुणे शहर के DCP रोहिदास पवार ने बताया, 'यहां माल के निर्माण का काम हो रहा था। अभी लग रहा कि जो सावधानियां लेनी चाहिए थीं वह नहीं ली गईं। मामले में कार्रवाई जारी है।' शुरूआत में कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। बता दें कि यह हादसा लोहे के स्लैब को डालने के दौरान हुआ। इसे डालने के लिए लोहे के सरिए से जाली बनाई गई थी। जाली के सहारे ही खड़े होकर मजदूर काम कर रहे थे। तभी यह जाली 10 मजदूरों पर जा गिरी और मजदूरों के शरीर में लोहे का सरिया घुस गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने जाली के नीचे दबे मजदूरों को कटर की सहायता से बाहर निकाला। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

### जेएनयू के कुलपति एम जगदीश कुमार यूजीसी के चेयरमैन नियुक्त

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू (जेएनयू) विश्वविद्यालय के कुलपति एम जगदीश कुमार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। बता दें कि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष डीपी सिंह का कार्यकाल दिसंबर के पहले हफ्ते में खत्म हो चुका है। तभी से यूजीसी चेयरमैन का पद खाली है। डीपी सिंह का चयन दिसंबर 2017 में हुआ था। इससे पहले यूजीसी अध्यक्ष का पद लंबे समय तक प्रभार पर रखा गया था। यूजीसी अध्यक्ष का कार्यकाल पांच साल या 65 वर्ष की आयु, जो पहले हो, तक के लिए होता है। उच्च शिक्षा सचिव संजय मूर्ति के पास यूजीसी चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार था। यूजीसी चेयरमैन पद के लिए तीन लोगों के नाम आगे चल रहे थे। इनमें एम जगदीश कुमार के अलावा पुणे यूनिर्सिटी के कुलपति प्रो. नितिन आर कर्मलकार और आईयूएसी निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडेय का नाम शामिल था।

## कोरोना के मामलों में 13 फीसद की कमी, 24 घंटे में मिले 1,49,394 नए मरीज

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के नए मामलों में एक दिन बाद फिर कमी देखने को मिली है। देश में कोरोना संक्रमण के आज 1,49,394 नए मामले सामने आए हैं। कल यानी गुरुवार के मुकाबले कोरोना के नए मामलों में आज 13 फीसद की कमी देखने को मिली है। बता दें कि कल कोरोना के 1,72,433 नए मामले सामने आए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 1,072 मरीजों की मौत हुई है। वहीं, इस दौरान 2,46,674 लोग ठीक भी हुए हैं। देश में कोरोना के एक्टिव केस घटकर 14,35,569 हो गए हैं। डेली पाजिटिविटी रेट भी घटकर 9.27% हो गया है। वहीं, कुल



मृतकों का आंकड़ा 5,00,055 पहुंच गया है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने बताया कि भारत में कल कोरोना वायरस के लिए 16,11,666 सैंपल टेस्ट किए गए थे। वहीं, कल तक कुल 73,58,04,280 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

## चिंतन मनन

### चीन का झूठ

भारत-चीन के बीच जून 2020 में हुई गलवान झड़प में लगातार झूठ बोले रहे चीन का सच सामने आ गया है। गलवान में चीन को भारी नुकसान हुआ था। ऑस्ट्रेलिया की न्यूज साइट द क्लैक्सन ने अपनी एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में चीन के 38 सैनिक मारे गए थे। चीन गलवान में अपने चार सैनिक मारे जाने की बात ही कबूली थी। रिपोर्ट में सामने आया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के कई सिपाही झड़प वाली रात को गलवान नदी की तेज धार में बह गए थे। चीन अब तक अपनी सेना के नुकसान को छिपाता रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने गलवान का सच छिपाने के लिए दो अलग-अलग घटनाओं को आपस में जोड़कर पेश किया। चीन ने गलवान में मारे गए उसके सैनिकों की सही संख्या कभी नहीं बताई और झड़प में मारे गए कुल 4 सैनिकों को पिछले साल मेडल देने का ऐलान किया। दूसरों की जमीन पर कब्जा करने वाला देश चीन की विस्तारवादी नीयत का सच सामने आने के बाद भारत आक्रामक हो गया है। इससे पहले चीन ने अपने झूठ को विस्तार देने पिछले दिनों अपने सैनिकों की झंडा लिए तस्वीर जारी की, जिसमें दावा किया गया था कि चीन अब पूरी तरह से गलवान में जम गया है। मगर अगले ही दिन भारतीय सेना ने उसका झूठ दुनिया को दिखा दिया। गलवान में अभी की स्थिति देखें तो भारत फ्रंटफुट पर है और चीन आगे बढ़ने की ताक में हैं। सिर्फ गलवान ही नहीं भारत को परेशान करने के लिए चीन काफी समय से एजेंडा चला रहा है। गलवान के बाद उसने अरुणाचल प्रदेश में मोर्चा खोल दिया है। अपना पुराना रवैया दोहराते हुए चीन ने कहा है कि तिब्बत के दक्षिणी हिस्से- जंगनान क्षेत्र जो कि भारत का अरुणाचल प्रदेश है, को लेकर उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अरुणाचल प्रदेश को कोई मान्यता नहीं देता। हाल में यह विवाद तब उठा जब अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले में सरी चू नदी के पास एक छोटा गांव बसा देने की चीनी साजिश का खुलासा हुआ। पिछले एक साल में चीन ने जिस गुपचुप तरीके से इस गांव को बसा लिया, वह उसकी पड़ोसी देशों की जमीन हड़पने की नीति का प्रमाण है। हकीकत यह है कि सुबनसिरी जिले का यह इलाका वास्तविक नियंत्रण रेखा से सटा है और भारत के हिस्से में पड़ता है। लेकिन चीन ने इस पर कब्जा कर रखा है और इसे विवादित क्षेत्र बना रखा है। ऐसे में सवाल यह है कि अगर इलाका विवादित है भी, तो फिर वह क्यों यहां अवैध निर्माण कर अशांति पैदा कर रहा है। यह इलाका सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से बहुत ही संवेदनशील है और यहां किसी भी तरह की चीनी गतिविधि उकसावे वाली कार्रवाई से कम नहीं है। जाहिर है, चीन भारत को घेरने के लिए नए रास्ते तलाश रहा है। चीन का सारा जोर भारत से लगी साढ़े चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा पर जगह-जगह ऐसे निर्माण करना है जिससे सीमाई इलाकों में उसकी पहुंच आसान हो सके। इसीलिए अरुणाचल से लेकर डोकलाम और गलवान तक वह भारतीय सीमा क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों पर कब्जा करता जा रहा है और इन इलाकों को विवादित बना रहा है ताकि भारत इन इलाकों में अपनी पहुंच न बना सके। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद कोई नया तो है नहीं। चीन चाहता भी नहीं है कि सीमा विवाद कभी सुलझे। अगर एक बार सीमा विवाद सुलझ गया तो उसके विस्तारवादी मंसूबे पूरे कैसे होंगे! चीन का भारत के साथ ही नहीं, अपने सभी पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद है और हर देश के भू-भाग को उसने इसी तरह विवादित बना कर कब्जा रखा है। अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत का रुख शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारत के रक्षा मंत्रियों के अरुणाचल प्रदेश के सीमाई इलाकों के दौरों पर चीन आपत्ति करता रहा है। हालांकि अरुणाचल प्रदेश में उसकी गतिविधियों पर भारत पर नजर है। सामरिक महत्त्व और चीनी गतिविधियों को देखते हुए भारत ने भी अरुणाचल प्रदेश से सटे सीमाई इलाकों में सड़कों का जाल बिछाने और पुलों के निर्माण के निर्माण का काम जोरों पर है। लेकिन भारत को लेकर चीन जिस तरह की विरोधाभासी और संदेहास्पद कूटनीति अपनाए हुए है, उससे तो लग रहा है कि वह गलवान विवाद को हल करने की दिशा में बढ़ने की बजाय भारत को और बड़े जाल में फंसाने की साजिश रच रहा है।

### मान रहा ना चीन !



आंख दिखाया फिर से ।
मान रहा ना चीन ।।
गीदड़भभकी चालू है ।
भरे उसके दिन ?
है दुनिया में रोष ।
किया उसने काम ।।
टांग वो अड़ाता ।
रहा जहां नाकाम ।।
हो रही आलोचना ।
बदला नहीं विचार ।।
नैतिकता का उसने ।
खो दिया आधार ।
नाम पर मशाल के ।
चर्चा में वो आया ।।
बुझदिली का उससे ।
हटा नहीं है साया ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# सरस्वती पूजा का पर्व है बसन्त पंचमी

बसन्त उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। खेत सरसों के फूलों से भरे पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का त्योहार है। इस दिन पूरे देश में विद्या की देवी माँ सरस्वती की बड़े उल्लास के साथ पूजा की जाती है। इस दिन स्त्रियां पीले वस्त्र धारण करती हैं। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। बसन्त पंचमी के पर्व से ही बसंत ऋतु का आगमन होता है। शांत, ठंडी, मंद वायु, कटु शीत का स्थान ले लेती है तथा सब को नवप्राण व उत्साह से स्पर्श करती है। बसन्त ऋतु तथा पंचमी का अर्थ है शुक्ल पक्ष का पांचवां दिन। अंग्रेजी कलेंडर के अनुसार यह पर्व जनवरी-फरवरी तथा हिन्दू तिथि के अनुसार माघ के महीने में मनाया जाता है। भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।



बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वों पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है। चूंकि बसन्त पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे। ऐसा विचार करते हुए ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल लेकर कमल पुष्पों तथा धरती पर छिडका। जल छिडकने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ब्रह्मा जी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्मा जी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी सरस्वती के नाम से जाना जाएगा। ब्रह्मा जी ने देवी सरस्वती को वरदान देते हुए कहा कि तुम्हारे द्वारा समाज का कल्याण होगा इसलिए समाज में रहने वाले लोग तुम्हारा पूजन करेगें। कडकड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते ही बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। देश के कई स्थानो पर पवित्र नदियों के तट और तीर्थ स्थानों पर बसंत मेला भी लगता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में तो बसंत पंचमी के दिन से ही लोग समूह में एकत्रित होकर रात में चंग ढफ बजाकर धमाल गाकर होली के पर्व का शुभारम्भ करते है।

बसन्त पंचमी के दिन विद्यालयों में भी देवी सरस्वती की आराधना की जाती है। भारत के पूर्वी प्रांतों में घरों में भी विद्या की देवी सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की जाती है और वसन्त पंचमी के दिन उनकी पूजा की जाती है। उसके बाद अगले दिन मूर्ति को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। देवी सरस्वती को ज्ञान, कला, बुद्धि, गायन-वादन की अधिष्ठात्री माना जाता है। इसलिए इस दिन विद्यार्थी, लेखक और कलाकार देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। विद्यार्थी अपनी किताबें, लेखक अपनी कलम और कलाकार अपने संगीत उपकरणो और बाकी चीजें मां सरस्वती के सामने रखकर पूजा करते हैं।

# बीजेपी का कार्यकर्ता एक राजनीतिक सन्यासी होता है - राष्ट्रवादी चिंतक मंच

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अगर आज मंदिर बन रहा है तो इसके पीछे बीजेपी के एक कार्यकर्ता की ताकत है अगर आज आजम खान जेल में है तो इसके पीछे बीजेपी के एक पन्ना प्रमुख की मेहनत है अगर आज यूपी के अंदर बहन बेटियां स्कूल जा पा रही हैं तो इसके पीछे एक बीजेपी के एक बूथ मैनेजर का कठोर परिश्रम है अगर आज हिंदुत्व का भगवा परचम पूरे देश में लहरा रहा है तो इसके पीछे बीजेपी के उस कार्यकर्ता की ताकत है जो अपनी पूरी जिंदगी एक पार्टी के लिए

**बीजेपी कार्यकर्ता के त्याग और तपस्या को अभिव्यक्त करने के लिए मुझे एक शब्द की रचना करनी पड़ी है - राजनीतिक सन्यासी**

समर्पित कर देता है और बदले में पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगता है` मैं काफी लंबे समय से लेख लिख रहा हूं मेरा नंबर सार्वजनिक है और कई बार बीजेपी के कार्यकताओं से मेरी बात होती है एक बार में काशी के एक बीजेपी कार्यकर्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि भाई साहब मिलता कुछ नहीं हमारा पेट्रोल भी खर्च हो जाता है मैंने उनसे पूछा फिर आप क्यों जुड़े हैं बीजेपी से? तो उन्होंने जवाब दिया हम देश के लिए जुड़े हैं।

जिस भी वर्कर से मेरी बात हुई उन्होंने अपने कई कड़वे अनुभव सुनाए लेकिन फिर आखिर में बात यही कहकर समाप्त होती है कि देश के लिए काम करना है जीते-मरते देश सबसे पहले है तेरा वैभव अमर रहे मां हम रहे चार दिन चार ! बीजेपी का कार्यकर्ता राष्ट्रवादी प्रेरणा से परिपूर्ण होता है। वह यह नही देखता है की किसे टिकट मिला या नहीं वह संपर्पित कार्यकर्ता होता है। वह सिर्फ कमल के फूल को पहचानता है।

-दिल्ली में जब केजरीवाल की सरकार बनी तो केजरीवाल ने अपने कार्यकताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए तरह तरह के सामाजिक कार्यों के नाम पर वैकेंसी निकाली... अपने कार्यकताओं को भर्ती किया और उनको धन का लाभ पहुंचाया आखिर क्यों ? इसलिए क्योंकि केजरीवाल जानते हैं कि मेरा कार्यकर्ता देश के लिए काम नहीं करता है वो मेरे लिए काम करता है इसलिए बदले में उसे कुछ देना होगा। ठीक इसी तरह समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ये मजबूरी है. कि जब वो सत्ता में आएगें तो उन्हें अपनी एक विशेष जाति और मजहब के लोगों को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाना ही पड़ेगा क्योंकि अखिलेश और मायावती दोनों ये जानते हैं कि उनका कार्यकर्ता देश के लिए नहीं बल्कि अपने जातीय प्रेम या फिर कुछ लालच के लिए उनसे जुड़ा हुआ है इसलिए उनको संतुष्ट करने के लिए करप्शन भी करना ही पड़ेगा प्रदेश को लूटना ही पड़ेगा इसीलिए ऐसी पार्टियों के राज्य में टॉप लेवल वाला करप्शन अत्यधिक बढ़ जाता है।




अब आप सोचिए बीजेपी की सरकार देश में करीब 8 सालों से हैं कई राज्यों में भी सरकार है लेकिन अगर बीजेपी के कोई कार्यकर्ता किसी तरह का अनुचित लाभ लेना चाहें तो नहीं ले सकते हैं यानी उनकी मेहनत से बनी हुई सरकार होने के बाद भी वो अपनी सरकार से कुछ अनुचित लाभ मांग नहीं सकते हैं ये सब कुछ उन्हें पता है फिर भी वो देश के लिए अपना पैसा खर्च करते हैं अपना समय खर्च करते हैं इसलिए वो राजयोगी की तरह है राजनीतिक सन्यासी की तरह है सच्चे कृष्ण भक्त हैं गीता का सार समझते हैं कर्म करते हैं फल की चिंता किए बगैर। अक्सर बड़े बड़े पॉलिटिकल पंडित ये कहते देखे जाते हैं कि बीजेपी का कार्यकर्ता बहुत नाराज है... लेकिन आखिर में हम यही देखते हैं कि बीजेपी का कार्यकर्ता पार्टी के लिए घर से निकलता है और वोट डलवाकर ही शाम को अपने घर लौटता है और अभी 2022 में जब चुनाव खत्म होगा वोटिंग खत्म होगी तो अगली सुबह से वही कार्यकर्ता 2024 की तैयारी में लग जाएगा। आज मैं इस लेख के माध्यम से सभी से कहना चाहता हूं कि आपके दरवाजे पर जब कोई बीजेपी कार्यकर्ता आए तो उसका वैसे ही सम्मान करना जैसे आप किसी साधु और संन्यासी का करते हो क्योंकि वो निस्वार्थ भाव से काम कर रहा है समाज के लिए अपना समय खर्च कर रहा है हम भी उनके त्याग तपस्या की बराबरी नहीं कर सकते हैं पश्चिम बंगाल और केरल में कितने ही बीजेपी के कार्यकर्ता इस देश के लिए बलिदान कर चुके हैं.... मैं इसकी तुलना वीरगति से करता हूं। मुझे ये कहने में कोई हिचक नहीं कि जो काम भारत की एकता और अखंडता के लिए सीमा पर सैनिक करता है वही काम देश के अंदर एक देशभक्त सरकार बनाकर बीजेपी का कार्यकर्ता भी करता है । ध्यान से सोचिए ये बीजेपी का वर्कर है जो देशभक्त सरकार बनाता है इसलिए आज सीमा पर सैनिक के पास अत्याधुनिक और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अधिकार है। आखिर मैं बीजेपी के एक एक कार्यकर्ता को मैं सैल्यूट करता हूं और ये कहता हूं कि आप लगे रहो आपका काम बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है ये देश आपके त्याग और तपस्या को याद रखेगा इतिहास की एक घटना मुझे याद आती है एक मराठा सैनिक ने अपना सिर एक मुगलिया तोप के मुंह में डाल दिया था ताकी एक तोप बेकार हो जाए सिर भले ही फट जाए जब इतने महान बलिदान होते हैं तब एक छत्रपति शिवाजी का निर्माण होता है आपकी त्याग और तपस्या से देश हिंदू राष्ट्र बनेगा ऐसा मुझको यकीन है ।

### सरस्वती वन्दना

आशीष की है कामना बस!
मन ए हर्षित है----
मां तेरे चरणों में रचना पुष्प अर्पित है।।
झंकार दो वीणा का अपने तार तूं।
स्वर की सरिता में बहा रसधार तूं।।
मैं अकिंचन गर्व से मस्तक ए गर्वित है---
मां तेरे चरणों में रचना पुष्प अर्पित है।।1।।
ले याचना की अंजलि में कामना।
ले प्रेम भक्ति साधना की भावना।।
ज्ञान की भंडार तूं सच, महिमा मंडित है---
मां तेरे चरणों में रचना पुष्प अर्पित है।।2।।
मन के मंदिर में जलादो दीप तूं।
मांगता मैं ज्ञान की दो भीख तूं।।
सरस निष्ठा भाव सदा सादर समर्पित है---
मां तेरे चरणों में रचना पुष्प अर्पित है।।3।।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# वैचारिक शून्यता के शिकार 'सत्तालोभी व अवसरवादी' नेता

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को देश के उस इकलौते प्राचीन राजनैतिक संगठन के रूप में जाना जाता है जिसने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुये पराधीन भारत को स्वाधीनता दिलाई थी। महात्मा गाँधी से लेकर सुभाष चंद्र बोस,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू,सरदार पटेल,मौलाना अबुल कलाम आजाद,खान अब्दुल ग़फ़्फ़ार खान,जैसे अनेक महान नेता इसी कांग्रेस पार्टी के सम्मानित संस्थापक व सदस्य रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जहाँ स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद अर्थात अब तक 'सर्व धर्म समभाव ' जैसी सर्व समावेशी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती आ रही है वहीं इसी देश में हिन्दू महासभा,मुस्लिम लीग,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जैसे भी अनेक दल व संगठन सक्रिय रहे जिन्होंने कांग्रेस व गांधीवादी विचारधारा के विरुद्ध चलते हुये देश के लोगों को धर्म के नाम पर गोलबंद करने का काम शुरू किया। ऐसी शक्तियां अंग्रेजों के हाथों का खिलौना बन गयीं क्योंकि अंग्रेज भी 'बांटो और राज करो ' की इसी विभाजनकारी नीति पर चलते हुये ही विश्व के बड़े भूभाग पर शासन करते आ रहे थे। आज दुनिया के अनेक देशों ,में बन चुके कई अलग अलग देश, दुनिया के अनेक देशों में फैला धर्म के नाम का आतंक,देश प्रेम पर हावी होता धर्म प्रेम यह सब उसी अंग्रेजी सियासत के ही दूरगामी परिणाम हैं।

परन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि अंग्रेजों की इस विभाजनकारी नीति को परवान चढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका मौकापरस्त,क्षणिक लाभ उठाने वाले,धन व सत्ता लोभी,विचार व सिद्धांत विहीन लोगों की रही है । कहा जा सकता है कि 'विरासत' में मिली इस 'वैचारिक शून्यता' व 'रीढ़ विहीनता' का सिलसिला न केवल आज तक जारी है बल्कि संभवतः यह भारतीय राजनीति के सबसे बड़े व 'दुर्भाग्यपूर्ण सत्य ' का रूप भी धारण कर चुका है। कहने को तो हमारे देश में अनेक राजनैतिक दल हैं जो दक्षिण पंथी,वाम पंथी,मध्य मार्गीय,व अनेक प्रकार की क्षेत्रीय विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। परन्तु प्रायः इन



दलों के नेताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता अथवा वैचारिक समर्पण नाम की कोई चीज बाक ी नहीं रह गयी है। कौन सा 'गांधीवादी' कब गोडसेवादी बन जाये,कौन सा लोहियावादी अथवा समाजवादी कब दक्षिणपंथी बन जाये कुछ कहा नहीं जा सकता।इन नेताओं के 'वैचारिक पाला बदल' के कारण भी बताने के कुछ और व हक ीकत में कुछ और ही होते हैं।

मिसाल के तौर पर इन दिनों कांग्रेस के अनेक नेता दल बदल करते समय यह कहते सुने जा रहे हैं कि आज की कांग्रेस पहले वाली कांग्रेस नहीं रही,कोई कहता है कि कांग्रेस आत्महत्या कर रही है,कोई नेहरू-गाँधी परिवार पर पार्टी को मजबूत न कर पाने का आरोप लगा रहा है। परन्तु हक ीकत तो यह है कि देश में धार्मिक ध्रुवीकरण की सफल राजनीति करने के बाद सत्ता में आने वाली भारतीय जनता पार्टी के समक्ष उन रीढ़विहीन व विचारविहीन नेताओं द्वारा समर्पण किया जा रहा है जो लंबे समय तक 'सत्ता सुख ' भोगे बिना नहीं रह सकते। जिन्हें अपने साथ साथ अथवा अपने बाद अपने बच्चों व परिजनों के लिये पार्टी प्रत्याशी के रूप में टिकट की गारंटी चाहिए। या जो कांग्रेस में रहते हुये स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे थे,अथवा जो अपना जनाधार समाप्त कर चुके थे। कांग्रेस दरअसल हमेशा ही अपने ही 'विभीषणों ' से कमजोर हुई है। जितनी बार कांग्रेस विभाजित हुई,देश का कोई अन्य दूसरा दल विभाजित नहीं हुआ। परन्तु कांग्रेस में पूर्व में कामराज, ब्रह्मानंद रेड्डी, नारायण दत्त तिवारी,अर्जुन सिंह,जी के मूपनार,जगजीवन राम व हेमवती नंदन बहुगुणा आदि नेताओं के समय काल के पार्टी विभाजन काफी हद तक पार्टी की अपनी मूल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा को भी साथ लेकर चल रहे थे। तभी इन नेताओं ने या तो गांधीवादी विचारधारा युक्त अपने अलग राजनैतिक संगठन बनाये या फिर आगे चल कर पुनः कांग्रेस में ही विलय कर गये। परन्तु कल तक गाँधी की हत्या का शोक मनाने वाले आज हत्यारे गोडसे का गुणगान करने वालों की पंक्ति में जा खड़े होंगे, यह संभवतः हमारे ही देश की अवसरवादी व विचारविहीन राजनीति का दुर्भाग्य है। कल तक देश को गांधीवादी विचारधारा वाला धर्म निरपेक्ष राष्ट्र बनाने का सपना देखने वाले आज हिन्दू राष्ट्र निर्माण के अग्र योद्धा बन जायेंगे इस बात की उम्मीद किसी भी विचार व सिद्धांतवादी राजनीतिज्ञ से तो हरगिज नहीं की जा सकती। और इसी सन्दर्भ से जुड़ी दूसरी सबसे बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज जो भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियां भाजपा को सत्ता से हटाने के लिये गोलबंदी कर रही हैं दरअसल इन्हीं दलों के अनेक नेता ही आज इन परिस्थितियों के जिम्मेदार भी हैं। भाजपा अथवा संघ आज सत्ता में अपने बल बूते पर कतई नहीं हैं। बल्कि विभिन्न तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों व उनके नेताओं ने ही कांग्रेस विरोध के नाम पर तो कभी सत्ता की मलाई खाने के चलते समय समय पर भाजपा से गठबंधन कर उसे मजबूती प्रदान करते आये हैं। और आज जब इन्हीं 'विभीषणों ' की बदौलत भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सत्ता हासिल कर ली है तो अब यही थाली के बैंगन इनसे वैचारिक व सैद्धांतिक लड़ाई लड़ने के बजाये स्वयं ही 'गिरगिट' बनने में अपना ' उज्जवल राजनैतिक भविष्य' तलाश रहे हैं। गाँधी-सुभाष-आजाद-भगत सिंह-राज गुरु-सुखदेव-अशफाकुल्लाह के सपनों के स्वर्णिम भारत की कल्पना कीजिये और आज के अवसरवादी,रीढ़विहीन, सत्तालोभी व विचार विहीन नेताओं के चरित्र व इनकी महत्वाकांक्षा को देखिये। हम स्वयं इस निष्कर्ष पर पहुँच जायेंगे कि देश किस राजनैतिक वैचारिक ह्रास की और बढ़ रहा है। यह परिस्थिति पूरे विश्व में भारतीय राजनीति के स्तर को बदनाम करती है।

# गोद में रखकर लैपटॉप से काम करने की ना करें भूल, संतान सुख से हो जाएंगे वंचित



वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ गया है और लोग घंटो-घंटो लगातार लैपटॉप पर काम करते हैं तो ऐसे में अगर लंबे समय तक लैपटॉप को गोद में रखकर काम किया जाए तो इससे निकलने वाली हीट के कारण ना सिर्फ स्पर्म काउंट कम होता है, बल्कि इससे पैरों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। जब एक वैवाहिक जोड़ा माता-पिता बनता है तो उसका परिवार पूरा हो जाता है। शादी के कुछ समय बाद ही हर कपल अपने घर में बच्चे की किलकारी गूंजते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन कई बार कपल्स की यह इच्छा चाहकर भी पूरी नहीं होती और लोग इसे भगवान की मर्जी समझकर निराश हो जाते हैं। लेकिन कभी-कभी यह आपकी कुछ छोटी-छोटी गलतियों के कारण भी होता है। मसलन, अगर आप लैपटॉप पर काम करते हुए उसे अपनी गोद में रखते हैं तो इससे आपकी प्रजनन क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है। तो चलिए जानते हैं कि आपकी यह आदत किस तरह तबाह कर सकती है आपका सपना-

शुक्राणुओं की संख्या में होती है गिरावट

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि वैसे तो लैपटॉप को गोद में रखकर काम करने से महिला और पुरूष दोनों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। लेकिन पुरूष इससे अधिक प्रभावित होते हैं। कुछ स्टडीज में यह बात सामने आई है कि लैपटॉप को गोद में रखकर काम करने से पुरूषों के रिप्रोडक्टिव ऑर्गन प्रभावित होते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब आप लैपटॉप को अपनी गोद में रखकर काम करते हैं तो इससे एक रेडिएशन निकलती है, जो पुरूषों के स्पर्म काउंट को कम कर सकती हैं।

**वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ गया है और लोग घंटो-घंटो लगातार लैपटॉप पर काम करते हैं तो ऐसे में अगर लंबे समय तक लैपटॉप को गोद में रखकर काम किया जाए तो इससे निकलने वाली हीट के कारण ना सिर्फ स्पर्म काउंट कम होता है, बल्कि इससे पैरों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।जब एक वैवाहिक जोड़ा माता-पिता बनता है तो उसका परिवार पूरा हो जाता है। शादी के कुछ समय बाद ही हर कपल अपने घर में बच्चे की किलकारी गूंजते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन कई बार कपल्स की यह इच्छा चाहकर भी पूरी नहीं होती है।**


लंबे समय तक ना करें काम

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर लैपटॉप पर आपका महज दस-पंद्रह मिनट का काम है तो भले ही आप उसे अपनी गोद में रखकर काम कर लें। लेकिन इन दिनों जब वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ गया है और लोग घंटो-घंटो लगातार लैपटॉप पर काम करते हैं तो ऐसे में अगर लंबे समय तक या फिर काफी देर तक लैपटॉप को गोद में रखकर काम किया जाए तो इससे निकलने वाली हीट के कारण ना सिर्फ स्पर्म काउंट कम होता है, बल्कि इससे पैरों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही साथ गलत बॉडी पॉश्चर के कारण कई तरह के हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। इसलिए लंबे समय तक गोद में लैपटॉप रखकर काम करने से बचना चाहिए।

क्या करें

भले ही आप घर पर काम कर रहे हैं, लेकिन यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आपके वर्क एरिया के लिए एक जगह अलग से सुनिश्चित हो। साथ ही आप लैपटॉप का इस्तेमाल करते समय भी टेबल को जरूर यूज करें। यह आपके लैपटॉप को आई लेवल पर रखेगा, जिससे काम करना अधिक आसान व सुरक्षित होगा।

# तीस की उम्र कर चुके हैं पार, तो यह मेडिकल टेस्ट कराना ना भूलें



हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, वैसे तो रक्तचाप में गड़बड़ होने पर ब्लड प्रेशर टेस्ट किया जाता है। लेकिन 30 की उम्र पार करने के बाद समस्या ना होने पर भी यह टेस्ट अवश्य करवाना चाहिए। 120/80 से नीचे एक रीडिंग आदर्श है। यदि रीडिंग सामान्य है, तो अगले वर्ष परीक्षण करें।

कहते हैं कि पहला सुख निरोगी काया। अर्थात अगर व्यक्ति स्वस्थ है तो वह वास्तव में धनी है। लेकिन आज के समय में हर व्यक्ति किसी ना किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या से जूझता रहता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वह बीमारी के शुरूआती लक्षणों को पहचान नहीं पाता और जब समस्या बढ़ जाती है तो फिर उसे दवाइयों का सहारा लेना पड़ता है। आमतौर पर इन बीमारियों से बचने का एक आसान तरीका है कि समय रहते इसकी पहचान कर ली जाए। इसके लिए कुछ टेस्ट करवाए जा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि तीस की उम्र पार करने के बाद व्यक्ति को कौन-कौन से मेडिकल टेस्ट अवश्य करवाने चाहिए-

सीबीसी यानी कंप्लीट ब्लड टेस्ट

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि इसका उपयोग एनीमिया, संक्रमण, कुछ प्रकार के कैंसर, और इसी तरह के निदान के लिए किया जाता है। यह भारतीय महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकतर भारतीयर महिलाएं आयरन की कमी के कारण एनीमिया से पीड़ित हैं और इसलिए उन्हें पूरक की आवश्यकता हो सकती है। खासतौर से, 30 की उम्र पार करने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। यदि सीबीसी ठीक है, तो इसे वर्ष में एक बार दोहराया जा सकता है।

ब्लड प्रेशर टेस्ट

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, वैसे तो रक्तचाप में गड़बड़ होने पर ब्लड प्रेशर टेस्ट किया जाता है। लेकिन 30 की उम्र पार करने के बाद समस्या ना होने पर भी यह टेस्ट अवश्य करवाना चाहिए। 120/80 से नीचे एक रीडिंग आदर्श है। यदि रीडिंग सामान्य है, तो अगले वर्ष परीक्षण करें।

ब्लड शुगर टेस्ट

30 की उम्र के बाद व्यक्ति को कई बीमारियां हो जाती हैं और उन्हें इसका पता ही नहीं चलता। इन्हीं स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है मधुमेह। आज के दौर में बेहद कम उम्र में लोगों को इस बीमारी ने अपनी जद में लिया है। इसलिए 30 की उम्र के बाद ब्लड शुगर टेस्ट भी करवाना चाहिए। 12 घंटे के उपवास की अवधि के बाद, यह मधुमेह का पता लगाने में मदद करता है। <99 की रीडिंग सामान्य है, 100 और 110 के बीच पूर्व-मधुमेह इंगित करता है और 110 से अधिक मधुमेह दर्शाता है।

इसे भी पढ़ेंः थायराइड के मरीज भूलकर भी न खाएं ये 6 चीजें, हो सकती है अधिक समस्या!

# ये घरेलू नुस्खे करेंगे आपके हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल, मिलेगा जल्द आराम



प्रतिदिन 30 से 60 मिनट व्यायाम करना स्वस्थ जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। नियमित शारीरिक गतिविधि लो रक्तचाप को कंट्रोल करने के साथ आपकी मनोदशा, शक्ति और संतुलन को लाभ पहुंचाती है। यह आपके मधुमेह और अन्य प्रकार के ह्रदय रोग के जोखिम को कम करता है।

**उच्च रक्तचाप क्या है**-रक्तचाप वह फोर्स होता है जिस पर रक्त ह्रदय से धमनियों में जाता है। एक सामान्य रक्तचाप की रीडिंग 120/80 मिमी. एचजी होती है। उच्च रक्तचाप, जिसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है, दिल का दौरा, स्ट्रोक, ह्रदय रोग, अंग विफलता और यहाँ तक कि मृत्यु का कारण भी बन सकता है, अगर इसका समय पर इलाज नहीं किया जाता है तो। दिखाई देने वाले लक्षणों के बिना, ज्यादातर लोग इस बात से अनजान होते हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है।

वैसे तो आपका डॉक्टर आपको उच्च रक्तचाप होने पर चिकित्सा देगा ही, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसे बहुत सारे घरेलू नुस्खें हैं जो इस समस्या को कम करने के लिए इस्तेमाल किये जा सकते हैं।

**एक्सरसाइज**-प्रतिदिन 30 से 60 मिनट व्यायाम करना स्वस्थ जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। नियमित शारीरिक गतिविधि लो रक्तचाप को कंट्रोल करने के साथ आपकी मनोदशा, शक्ति और संतुलन को लाभ पहुंचाती है। यह आपके मधुमेह और अन्य प्रकार के ह्रदय रोग के जोखिम को कम करता है। अगर आप जिम जाने का शौक नहीं रखते हैं तो अपनी कसरत और जॉगिंग बाहर ही करें। तैराकी के लिए भी जा सकते हैं। आप वेट उठाने, पुशअप्स करने या किसी अन्य व्यायाम को करने की कोशिश कर सकते हैं, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**अतिरिक्त वजन कम करें**-वजन और रक्तचाप का आपस में गहरा सम्बन्ध होता है। सिर्फ 10 पाउंड (4.5 किलोग्राम) वजन कम करने से आपके रक्तचाप को कम करने में मदद मिल सकती है। रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए अपनी कमर को देखना भी महत्वपूर्ण होता है। आपकी कमर के आस-पास का अतिरिक्त फैट, जिसे आंत का फैट कहा जाता है, बहुत तकलीफदेह होता है। यह पेट में विभिन्न अंगों को प्रभावित करता है। इससे उच्च रक्तचाप सहित अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। सामान्य तौर पर पुरुषों को अपनी कमर का माप 40 इंच से कम और महिलाओं को 35 इंच से कम रखना चाहिए।

**लहसुन**-लहसुन भारतीय आहार और दुनिया भर के कई व्यंजनों का एक प्रमुख हिस्सा होता है। यह प्राकृतिक चिकित्सा कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है और आपके रक्तचाप को भी नियंत्रित रखती है।

**प्याज और शहद**-अगर आपको उच्च रक्तचाप है तो एक कप में एक चम्मच प्याज का रस शहद के दो बड़े चम्मच में मिलाकर पीने से तुरंत लाभ मिलता।

**करी पत्ते**-यह एक ऐसा उपाय है जिसे हमारे दक्षिण भारतीय लोग ज्यादातर चुनते हैं। करी पत्ते एक प्राकृतिक स्रोत हैं जो विभिन्न बीमारियों से लड़ते हैं। एक बर्तन में पीने का पानी और 4-5 करी पत्ते डालें, इसे ठंडा करें और रोज पीने के लिए इसका उपयोग करें।

**गाजर और चुकंदर का जूस**-एक लंबा गिलास जूस पीने के लिए गाजर और पालक को ब्लेंड करें।

# जरूरत से ज्यादा सेब खाने से सेहत को होते हैं यह नुकसान, जानिए



डायटीशियन के अनुसार, सेब में कार्ब्स की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जिसके कारण इसके सेवन से आपको इंस्टेंट एनर्जी मिलती है। लेकिन अगर इसका सेवन अधिक किया जाए तो इससे वजन बढ़ने या फिर उसके कम होने में समस्या होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शरीर पहले कार्ब्स जलाता है, लेकिन बाद में यह आपकी बॉडी को फैट बर्न करने से प्रतिबंधित करता है, जिससे वजन कम करने में परेशानी होती है।

फाइबर हमारे पाचन स्वास्थ्य में सुधार करता है, लेकिन अगर इसकी मात्रा अधिक हो जाए तो यह बैकफायर करते हुए सूजन और कब्ज की वजह बन सकता है। लोगों को उनकी उम्र और लिंग के आधार पर प्रतिदिन 20 से 40 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है।

यह तो हम सभी जानते हैं कि सेब सेहत के लिए फायदेमंद है और इसलिए हर किसी को सेब को अपनी डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। कहा जाता है कि अगर हर दिन महज एक सेब का सेवन किया जाए तो व्यक्ति कई बीमारियों से खुद की रक्षा कर सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जरूरत से ज्यादा सेब का सेवन भी सेहत के लिए ठीक नहीं है। अगर आप आवश्यकता से अधिक सेब का सेवन करते हैं तो इससे आपको कई बीमारियां होने का खतरा रहता है। तो चलिए आज हम आपको सेब का अधिक सेवन करने से होने वाले नुकसानों के बारे में बता रहे हैं-


पाचन संबंधी परेशानियां

डायटीशियन के अनुसार, फाइबर हमारे पाचन स्वास्थ्य में सुधार करता है, लेकिन अगर इसकी मात्रा अधिक हो जाए तो यह बैकफायर करते हुए सूजन और कब्ज की वजह बन सकता है। लोगों को उनकी उम्र और लिंग के आधार पर प्रतिदिन 20 से 40 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। 70 ग्राम से अधिक फाइबर की मात्रा आपके लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। ऐसे में अगर आप भी एक दिन में दो से अधिक सेब के साथ एक स्वस्थ आहार ले रहे हैं, तो इससे पाचन संबंधी कुछ गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

रक्त शर्करा के स्तर में उतार-चढ़ाव होना

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि सेब काबोर्हाइड्रेट में अत्यधिक समृद्ध होते हैं जो आपको ऊजार्वान बनाते हैं। इसके अलावा, यह सेरोटोनिन जैसे 'फील-गुड' न्यूरोट्रांसमीटर को रिलीज करने में मदद करता है। लेकिन बहुत अधिक सेब होने से रक्त शर्करा में वृद्धि हो सकती है क्योंकि यह काबोर्हाइड्रेट से भरपूर होता है। मधुमेह के लोगों के लिए, फलों के रूप में बहुत अधिक चीनी भी इंसुलिन संवेदनशीलता को खराब कर सकती है।

वजन का बढ़ना



# सिर्फ दांत ही नहीं, जीभ की सफाई पर भी दें उतना ही ध्यान

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें।

जब भी ओरल हेल्थ की बात होती है तो आमतौर पर लोग दिन में दो बार ब्रश करना ही पर्याप्त समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आपके दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि कई बार जीभ की क्लीनिंग को पूरी तरह से इग्नोर किया जाता है। जिसके कारण जीभ पर एक सफेद परत जम जाती है। जिसके कारण ना सिर्फ मुंह से बदबू आती है, बल्कि इसे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने व अन्य कई समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपनी जीभ की सफाई किस तरह से बेहद आसानी से कर सकते हैं-

**हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें ।**

लहसुन

आमतौर पर जब लहसुन को भोजन में शामिल किया जाता है और आप उसका सेवन करते हैं तो इससे मुंह से स्मेल आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह आपकी जीभ की सफाई में भी मददगार है। दरअसल, जब इसे कच्चा खाया जाता है तो यह बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे जीभ जल्दी ही क्लीन हो जाती है।

एलोवेरा का करें इस्तेमाल

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें। फिर अपने मुंह को गर्म पानी से कुल्ला करें। आप इसे दिन में कई बार दोहरा सकते हैं।


नमक आएगा काम

जीभ साफ करने के लिए नमक सबसे अच्छा और सस्ता उपाय है। यह आपकी जीभ से गंदगी व डेड स्किन सेल्स को बेहद आसानी से हटाता है। इसके लिए आप जीभ पर कुछ नमक छिड़कें और एक मिनट के लिए टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। फिर अपने मुंह को पानी से कुल्ला। दिन में दो बार दोहराएं। आपको पहली बार में भी अंतर नजर आएगा।

हल्दी

हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।

# 'अथर्व- द ओरिजिन' में नजर आएंगे एमएस धोनी




**चेन्नई (आईएएनएस)।** विरजू स्टूडियो ने मिडास डील्स के साथ मिलकर अपने आगामी मेगा-बजट ग्राफिक उपन्यास 'अथर्व- द ओरिजिन' का मोशन पोस्टर जारी किया है। आधिकारिक मोशन पोस्टर बुधवार को क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक हैंडल पर जारी किया गया। मोशन पोस्टर में धोनी, प्रशंसकों को अथर्व की दुनिया की एक झलक देते हैं और साथ ही एक सुपरहीरो के रूप में क्रिकेटर के पहले लुक की झलक भी दिखाते हैं।

पाठकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करने के प्रयास में, रचनाकारों ने अथर्व की रहस्यमय दुनिया को बनाने के लिए कई वर्षों तक कलाकारों की एक टीम के साथ लगन से काम किया है। पाठकों को एक अलग ब्रह्मांड में टेलीपोर्ट करते हुए, रमेश थमिलमनी द्वारा लिखित, एमवीएम वेल मोहन की अध्यक्षता में और विन्सेंट आदिकलराज और अशोक मनोर द्वारा निर्मित, इस ग्राफिक उपन्यास में 150 से अधिक चित्रण हैं जो मनोरंजक, रसपूर्ण कथा प्रस्तुत करते हैं। इस योजना पर टिप्पणी करते हुए, भारत के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने कहा, मैं इस परियोजना से जुड़कर रोमांचित हूं। 'अथर्व-द ओरिजिन' एक आकर्षक कहानी के साथ एक मनोरम ग्राफिक उपन्यास है।

थमिलमणि ने कहा, 'अथर्व-द ओरिजिन' उनके दिल के करीब एक ड्रीम प्रोजेक्ट था। थमिलमनी ने कहा हमने एक दृष्टि, एक विचार को जीवित करने और इसे एक उत्कृष्ट कृति में अनुवाद करने के लिए कई वर्षों तक काम किया है, जैसा कि आप देखेंगे। मैं एम.एस. धोनी द्वारा अथर्व की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और खुश हूं, जो वास्तव में चरित्र का प्रतीक है। उन्होंने यह कहकर निष्कर्ष निकाला उपन्यास में प्रत्येक पात्र और कलाकृति। जिसमें एमएस धोनी भी शामिल है। उपन्यास में दुनिया की हर बारीकियों को विस्तार और बहुत ध्यान से दर्शाया गया है।

# कैंसर को जानें, पहचाने और करें बचाव




**लखनऊ (एसएनबी)।** प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सहारा हॉस्पिटल जनमानस को इस बीमारी के बारे में जागरूक करने हेतु तत्पर हैं। इस वर्ष कैंसर दिवस अभियान की थीम है 'क्लोज द केयर गैप' कैंसर का अगर समय से पता चल जाए और ठीक से इलाज किया जाए तो हर साल लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है।

विश्वभर में कैंसर की बीमारी तेजी से फैल रही है आईसीएमआर ने बताया कि कैंसर 12 फीसद की दर से 2025 तक हमारे देश में बढ़ जाएगा। 2020 में तंबाकू का सेवन 27फीसद कैंसर रोग के लिए जिम्मेदार रहा है। एक सर्वे के आधार पर महिलाओं में स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर ज्यादा पाया गया तथा पुरुषों में फेफड़े, मुंह और पेट का कैंसर मुख्य रूप से देखा गया। आईसीएमआर के अनुसार भारत में हर रोज तेरह सौ लोग कैंसर के शिकार बन रहे हैं।



**डॉ. शशांक चौधरी**
वरिष्ठ कैंसर सर्जन
सहारा हॉस्पिटल

कैंसर क्या है? कैंसर क्यों होता है? कैंसर के प्रकार क्या है? कैंसर के रिस्क किसको सबसे ज्यादा है? एक कैंसर होने के बाद दोबारा कौन से कैंसर होने का खतरा है? क्या कैंसर को हमेशा के लिए टाला जा सकता है? कैंसर से जुड़े इस तरह के बहुत से सवाल बार-बार मिल रहे हैं परन्तु अभी तक लोगों में जागरूकता नहीं आई है।

सहारा हॉस्पिटल के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉक्टर शशांक चौधरी ने जानकारी दी कि जितना जल्दी कैंसर का पता लगा लेते है उसका इलाज उतना सफल होता है। पहली स्टेज में इलाज 95 प्रतिशत तक सफल होता है यानी कि कैंसर वापिस आने के चांसेज लगभग 3 से 5 प्रतिशत तक होते हैं। यही संभावना तीसरी और चौथी स्टेज में कैंसर के सफल होने के चांस 30 से 40 प्रतिशत और कैंसर के वापिस आने की संभावना 50 से 60 प्रतिशत तक हो जाती है। कैंसर दोबारा न हो इसका एक ही तरीका है कि हम कैंसर का सही समय पर और सही जगह से इलाज कराएं।




■ कैंसर होना किसी दूसरे कैंसर से सम्बंधित नहीं है। अगर किसी को मुंह का कैंसर है, तो उसको फेफड़ों का स्तन कैंसर हो सकता है। जिन लोगों को तंबाकू का सेवन करने या धूम्रपान करने से मुंह या नाक का कैंसर होता है, उन्हीं लोगों को फेफड़ों के कैंसर, खाने की नली के कैंसर होने की ज्यादा संभावना होती है, तो इससे फर्क नहीं पड़ता कि किसको पहले क्या कैंसर हुआ था, लेकिन इस वजह से फर्क पड़ता है कि उस व्यक्ति को किस वजह से कैंसर हुआ था।

■ बाल्यावस्था की एक अच्छी बात है कि आपकी हीलिंग रेट बहुत अच्छी होती है। बचपन में कैंसर का सही तरीके से इलाज किया जाए तो वह इतने अच्छे तरीके से ट्रीट किए जा सकते हैं कि उसको वापिस आने के चांसेस बहुत कम होते हैं।

■ कैंसर से मुक्ति एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब कई लोग ढूंढ रहे हैं, कैंसर से मुक्ति मानसिक होती है। कैंसर से जीत सबसे पहले आपके मन में होनी चाहिए। कैंसर को हराना आपके साथ-साथ आपके परिवार और डॉक्टर की जिम्मेदारी है तो कैंसर से मुक्ति तभी संभव है जब उसका सही से इलाज किया जाता है।

■ सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि हमारे अभिभावक माननीय सहाराश्री जी ने मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए हॉस्पिटल निर्मित कराया है, जहां हॉस्पिटल का आंकोलॉजी विभाग अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है और यहां के कुशल चिकित्सक निरंतर नई विधाओं और तकनीकों का इस्तेमाल करके हर आयु और वर्ग के मरीजों को निरंतर लाभान्वित कर रहे हैं। सहारा हॉस्पिटल में समय-समय पर कई माध्यमों से विभिन्न रोगों के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाता है, इस कड़ी में अक्सर निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाते है।

## 'बधाई दो' का गाना 'मन अटक गया' रिलीज




**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की आने वाली फिल्म बधाई दो का गाना मन अटक गया रिलीज हो गया है। राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म बधाई दो का दूसरा गाना मन अटक गया है। इस गाने को वरुण ग्रोवर ने लिखा, जिसे अमित त्रिवेदी ने कंपोज किया है और इस सॉन्ग को अरिजीत सिंह और रूपाली मोघे ने अपनी जादूई आवाज में गाया है। फिल्म बधाई दो में राजकुमार और भूमि के अलावा सीमा पाहवा, शीबा चड्ढा, लवलीन, नीतीश पांडे और शशि भूषण भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। हर्षवर्धन कुलकर्णी निर्देशित इस फैमिली कॉमेडी ड्रामा फिल्म को अक्षत घिल्डियाल और सुमन अधिकारी ने लिखा है।


## 13 मई को रिलीज होगी आयुष्मान खुराना की 'अनेक'

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म अनेक 13 मई को रिलीज होगी। आयुष्मान ने अपनी आने वाली फिल्म अनेक की रिलीज डेट का एलान कर दिया है। आयुष्मान की यह फिल्म 13



मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आयुष्मान ने फिल्म अनेक की रिलीज डेट की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर दी है। इस पोस्टर में आयुष्मान खुराना एक चट्टान के पीछे से कैमरे की ओर देखते हुए दिख रहे हैं। इस पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर आयुष्मान ने कैप्शन लिखा, फर्क करने में सिर्फ एक लगता है। ये एकजुट होने का वक्त है। उन्होंने आगे फैंस से सवाल करते हुए लिखा, जीतेगा कौन? हिंदुस्तान। अनेक सिनेमाघरों में 13 मई, 2022 को रिलीज होगी।

# कुत्ते में काम कर रोमांचित हैं अर्जुन कपूर



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी आने वाली फिल्म कुत्ते में काम कर रोमांचित है। अर्जुन कपूर इन दिनों फिल्म कुत्ते में काम कर रहे है। अर्जुन कपूर की इस फिल्म को लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। वही, फिल्म को टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में तब्बू की भी अहम भूमिका है। फिल्म कुत्ते में अर्जुन पुलिस कांस्टेबल के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा नक्सली के रोल में हैं। राधिका मदान एक कॉलेज स्टूडेंट के रोल में हैं। अर्जुन कपूर ने फिल्म कुत्ते के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग को शुरू कर दिया है। अर्जुन कपूर ने कहा, मुझे लगता है कि जब भी मैं कुत्ते के सेट पर होता हूं। तो मुझे लगता है कि फिल्म जगत में मेरा पहला दिन है, क्योंकि हर दिन कुछ-ना-कुछ सीखने का शानदार अनुभव होता है। इन मझे हुए कलाकारों का हर सीन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते देख, मैं काफी प्रेरित होता हूं। मेरे पास कुत्ते की शूटिंग को खत्म करने के लिए दो हफ्ते का वक्त हैं और मुझे पता है कि मैं इस सेट पर रहकर एक बेहतर कलाकार बन गया हूं।

## मार्च में हिरानी की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे शाहरुख!

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान फिल्मकार राजकुमार हिरानी की फिल्म की शूटिंग मार्च में शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। शाहरूख इन दिनों फिल्म 'पठान' में काम कर रहे हैं। 'पठान' की शूटिंग पूरी होने के बाद शाहरुख खान अपने अगले प्रोजेक्ट में व्यस्त हो जाएंगे। चर्चा है कि शाहरुख खान 'पठान' के बाद राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग मार्च 2022 से शुरू हो सकती है। शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी लंबे समय से एक दूसरे के साथ काम करना चाहते थे। इस प्रोजेक्ट के लिए दोनों ही काफी एक्साइटेड हैं। प्री-प्रोड्क्शन काम पहले ही शुरू हो चुका है। पंजाब के गांव का बड़ा सेट मुंबई के फिल्म सिटी में लगाया जाएगा। फिल्म का अधिकांश हिस्सा यहीं पर शूट होगा। इसके अलावा फिल्म की शूटिंग लंदन और बुडापेस्ट में होगी।



## 'एफ3' का गाना 7 फरवरी को होगा रिलीज




**हैदराबाद (आईएएनएस)।** अनिल रविपुडी की 'एफ3' के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म के पहले गाने की रिलीज के संबंध में एक घोषणा की है। कॉमेडी फिल्म का पहला सिंगल, लब दब लब डब डब्बू 7 फरवरी को रिलीज होगा। यह आकर्षक गीतों के साथ एक क्रियात्मक गीत होने की सूचना है। 'पुष्पा' का हिट संगीत देने वाली देवी श्री प्रसाद ने 'एफ3' में गाने दिए है। मुख्य भूमिकाओं में वेंकटेश दग्गुबाती और वरुण तेज के साथ, तमन्ना भाटिया और मेहरीन पीरजादा हैं। राजेंद्र प्रसाद एक हास्य भूमिका में नजर आएंगे। सोनल चौहान को 'एफ3' में प्रमुख महिलाओं के अलावा एक ग्लैमरस भूमिका के लिए भी चुना गया है। 'एफ3' 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 'अनबुल्ला घिल्ली' का प्रीमियर 6 को

**चेन्नई (आईएएनएस)।** निर्देशक श्रीनाथ रामलिंगम की फिल्म 'अनबुल्ला घिल्ली' का 6 फरवरी को कलर्स तमिल पर प्रीमियर होगा। अनोखी रोमांटिक फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका में घिल्ली (कुत्ते अमीगो द्वारा निभाई गई) नामक एक कुत्ते का चरित्र है। फिल्म में दशहरा विजयन, चांदनी तमिलारासन, माइम गोपी, मायिलसामी, पू रामू, इलावरसन और नवोदित मैत्रेय राजेशशेखर हैं। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता और जानेमाने तमिल कॉमेडियन सूरी ने घिल्ली के किरदार को अपनी आवाज दी है। कोडाइकनाल की सुरम्य पृष्ठभूमि में सेट, फिल्म रामू (मैत्रेय राजेशसेकर द्वारा अभिनीत) और घिल्ली के जीवन का पता लगाती है, जो एक साथ बड़े होते हैं और अपराध में भागीदार होते हैं। कहानी में एक दिलचस्प मोड़ तब आता है जब रामू अपने बचपन की प्रेमिका परगवी (चांदनी तमिलारासन द्वारा अभिनीत) और अन्विता, गर्लनेक्स्टऽडोर (दशरा विजयन द्वारा अभिनीत) के साथ खुद को एक प्रेम त्रिकोण में फंसा हुआ पाता है। घिल्ली के किरदार के लिए अपनी आवाज देने के बारे में बात करते हुए, सूरी ने कहा कि फिल्म और टेलीविजन दर्शकों तक पहुंचने, उनका मनोरंजन करने के दो महान माध्यम हैं। मुझे खुशी है कि इस फिल्म में एक पालतू जानवर की भूमिका के लिए अपनी आवाज देने का मेरा अनूठा प्रयास है। कलर्स तमिल के माध्यम से बड़े पारिवारिक दर्शकों तक पहुंचेगा। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रामलिंगम ने कहा कि 'अनबुल्ला घिल्ली' अपनी विशिष्ट अवधारणा के कारण मेरे दिल के करीब रहेगी। मैं अभिभूत और प्रसन्न हूं, फिल्म को सीधे प्रीमियर मिल रहा है, खासकर कलर्स तमिल जैसे लोकप्रिय चैनल में। मुझे यकीन है कि यह फिल्म दर्शकों को ढेर सारी भावनाओं के साथ खुशी का एहसास कराएगी।




# साथ नजर आएंगे प्रियंका और एंथनी मैकी





**लॉस एंजिल्स (भाषा)।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास और अभिनेता एंथनी मैकी एक्शन पर आधारित आगामी फिल्म एंडिंग थिंग्स में साथ अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म का लेखन और निर्देश केविन सुलिवन करेंगे। बताया जा रहा है कि यह फिल्म 1994 में आई जेम्स कैमरन की फिल्म टू लाइज के जैसी होगी। एंडिंग थिंग्स का निर्माण डेविस इंटरटेनमेंट एंड लिट इंटरटेनमेंट करेगा।

# खाएं हरी सब्जियां, फल और साग

**नई दिल्ली।** अगर आप सेहतमंद रहना चाहते हैं तो आपको हरी सब्जियां ऐसे है जो हमेशा खाना चाहिए। प्रकृति ने हमें भरपूर मात्रा में फल और सब्जियां दी हैं। ये स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। हमें अपने रोज के खाने में फल और सब्जियों को भरपूर मात्रा में शामिल करना चाहिए। इनमें विटामिन, मिनरल्स और कार्बोहाइड्रेड मौजूद होता है जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। हरी सब्जियों और फलों को भोजन में शामिल करने पर हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। इनके सेवन से हमारा तनाव कम होता है,साथ ही हरी सब्जियां हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। वहीं साग में मौजूद कई तरह के विटामिन और मिनरल्स बॉडी का मेटाबॉलिज्म ठीक करने के साथ ब्लड सर्कुलेशन और वजन को बढ़ने से भी कंट्रोल करते है। इतना ही नहीं ठंड में जोड़ों के दर्द से परेशान लोग भी साग का सेवन करके इस दर्द में राहत पा सकते हैं।

### हरी सब्जियां

पालक, चेरी, बीन्स और नट्स न केवल ऊर्जा के सोत होते हैं बल्कि उन पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं जो आपके शरीर के लिए आवश्यक होते हैं. हरी सब्जियों में



विटामिन ए, विटामिन सी, बीटा-कैरोटीन, कैल्शियम, फोलेट, फाइबर और फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो एक स्वस्थ आहार के लिए एक अच्छा विकल्प है.. इनमें कोलेस्ट्रॉल नहीं होता है और ये कैलोरी और सोडियम में स्वाभाविक रूप से कम होते हैं।

### फल और फायदे

सेब, अंगूर, जामुन और किवी जैसे मौसमी फल आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है. ये रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकती है, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम कर सकती है, कुछ प्रकार के कैंसर को रोक सकती है, आंखों और पाचन समस्याओं को कम कर सकती है और रक्त शर्करा पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है इसके अलावा ये भूख को बढ़ने से रोकने में मदद करती है ।

### सर्दियों में मिलने वाला हरा साग

■ सर्दियों में मिलने वाला साग न सिर्फखाने में टेस्टी होता है बल्कि इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इतना ही नहीं जो लोग अपना वजन कम करना चाहते है वो इस मौसम मिलने वाले साग का मजा दिल खोलकर ले सकते हैं। ये साग आपका वजन कम करने के साथ आपके चेहरे की झुर्रियों को भी गायब करता है। उदाहरण के लिए .

■ जोड़ों का दर्द दूर करता है सरसों का साग सरसों के साग में कैलोरी और फैट की मात्रा जितनी कम होती है उतनी ही कार्बोहाइड्रेट,फाइबर, पोटैशियम, विटामिन ए, सी, डी, बी-12 मैग्नीशियम, आयरन और कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बॉडी को डिटॉक्स करके बॉडी की इम्यूनिटी बढ़ाते है

■ दिल को दुरुस्त रखता है पालक पालक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, पॉली सैचुरेटेड फैट, ओमेगा-3 और ओमेगा-6 प्रचुर मात्रा में पाए जाते है। पालक में कैलोरी बहुत कम होने की वजह से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहने के साथ दिल को सुरक्षा प्रदान करता है।

■ पथरी के लिए बथुआ सर्दियों में बथुआ का साग खाने से शरीर को विटामिन-ए, कैल्शियम, फास्फोरस और पोटैशियम मिलता है।बथुआ के साग को रोजाना खाने से किडनी स्टोन का खतरा भी काफी कम हो जाता है।

■ शुगर के लिए मेथी का साग मेथी को रोजाना खाने से शरीर में फॉलिक एसिड, विटामिन ए, बी-6, सी, पोटैशियम, आयरन, फॉस्फोरस और कैल्शियम काफी मात्रा पूरी होती है।यह फाइबर का सबसे अच्छा सोत है और आंतों को साफ रखने में मददगार साबित होता है।

■ लक्ष्मी भारती

## टी-सीरीज की ओटीटी स्पेस में एंट्री

**मुंबई (आईएएनएस)।** म्यूजिक लेबल और फिल्म स्टूडियो टी-सीरीज ओटीटी स्पेस में विस्तार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उनकी वेब सामग्री रणनीति एक्शन थ्रिलर, मर्डर मिस्ट्री, बायोपिक्स और यहां तक कि जेलब्रेक ड्रामा की शैलियों में फैले विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों के लिए सामग्री बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अपनी कंपनी के विविधीकरण के कदम पर अपने उत्साह को साझा करते हुए, टी-सीरीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, भूषण कुमार ने कहा कि टी-सीरीज हमेशा अच्छी कहानियों में विश्वास करते हैं, चाहे वह संगीत के माध्यम से हो या हम जो फिल्में बनाते है, इसके माध्यम से। लाइन-अप का खुलासा करते हुए, कुमार ने कहा कि इस विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, हम आनंद एल राय, अनुभव सिन्हा, निखिल आडवाणी, हंसल मेहता, संजय गुप्ता, बिजॉय नांबियार, सुपरन एस वर्मा, मिखिल मुसाले और सौमेंद्र पाधी, जैसे सामग्री निर्माताओं का एक पावरहाउस पाकर खुश हैं। कुमार ने कहा कि उनकी कहानियों की लाइनअप ताजा, मूल और अनन्य होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य अजीब-योग्य सामग्री बनाना है जो नए दर्शकों को मनोरंजन प्रदान करे।

# गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सीएम योगी ने किया नामांकन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए गोरखपुर सदर सीट से शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहे योगी आदित्यनाथ के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पैदल ही अमित शाह के साथ गोरखपुर कलेक्ट्रेट नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। अमित शाह के साथ धर्मेन्द्र प्रधान भी थे। सीएम योगी आदित्यनाथ को इस दौरान वहां पर आधिकारिक प्रोटोकॉल नहीं दिया गया। यहां पर योगी आदित्यनाथ बतौर यूपी के सीएम नहीं, बल्कि एक उम्मीदवार के रूप में पहुंचे थे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर सदर विधानसभा सीट से शुक्रवार को नामांकन किया। उन्होंने दो सेट में पर्चा भरा है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। नामांकन में गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था में आतंक निरोधक दस्ता (एटीएस) के कमांडो तैनात थे। इस दौरान हरिओम नगर से कचहरी चौराहे की तरफ सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित थे। गृह मंत्री अमित शाह का इस दौरान पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। विधानसभा चुनाव 2022 के छठे चरण के तहत जिले में अधिसूचना जारी होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर



विधानसभा क्षेत्र से पहले ही दिन नामांकन किया। दोपहर 12.45 बजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और दो सेट में नामांकन किया। नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री भी नामांकन कक्ष में मौजूद रहे। पहले दिन और किसी ने पर्चा तो दाखिल नहीं किया लेकिन विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से कुछ संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। जिला निर्वाचन अधिकारी विजय किरन आनंद ने सुबह अधिसूचना जारी की उसके बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य गेट से पैदल ही नामांकन कक्ष की ओर गए। उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद भी मौजूद रहे। करीब 12.45 बजे मुख्यमंत्री अपने प्रस्तावक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ व गृह मंत्री के साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय में गोरखपुर शहर के लिए बने (कक्ष संख्या 24) नामांकन कक्ष में गए। औपचारिकता पूरी करते हुए उन्होंने रिटर्निंग आफिसर (आरओ) कुलदीप मीणा को नामांकन पत्र सौंपा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के पास मोबाइल फोन भी है। जिसका जिक्र उन्होंने आज नामांकन के समय दिए गए अपने हलफनामे में भी किया है। मुख्यमंत्री 12.49 बजे नामांकन कक्ष से बाहर आ गए। दो मिनट बाद वह प्रस्तावक चेंबर आफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अग्रवाल व नगर विधायक डा. राधामोहन दास अग्रवाल के साथ दोबारा नामांकन कक्ष में गए और नामांकन दाखिल किया। इस दौरान गृह मंत्री व अन्य नेता बाहर लगे सोफे पर बैठे रहे। 12.55 बजे सभी नेता एक साथ कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर आए। गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने विजयी मुद्रा का भाव प्रदर्शित किया और गोरखनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गया। इस दौरान खलीलाबाद से भाजपा सांसद प्रवीण निषाद, गोरखपुर शहर के विधायक डा. राधामोहन दास अग्रवाल एवं चौरी चौरा से निषाद पार्टी के प्रत्याशी सरवन निषाद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के नामांकन के बाद आम आदमी पार्टी के गोरखपुर शहर के प्रत्याशी विजय कुमार श्रीवास्तव ने भी नामांकन पत्र लिया।

# आगरा में अखिलेश बोले- एकरंगी सरकार खत्म करना चाहती है संविधान

आगरा। सपा मुखिया अखिलेश यादव और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी आगरा पहुंच चुके हैं। पत्रकार से बात करते हुए रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी बोले कि भाजपा सरकार के दावे खोखले हैं। आंबेडकर ने नागरिकों को जो अधिकार दिए उन मूल्यों को बचाने के लिए यही गठबंधन उप्र के मतदाताओं के लिए एक विकल्प है। लाठी, बुल्डोजर चलाने से आगरा का विकास नहीं हो सकता। आगरा के नागरिकों को याद दिलाना चाहता हूं नागरिक उड्डयन मंत्री रहते हुए कनेक्टिविटी के लिए बहुत प्रयास किए। अखिलेश यादव ने भी बहुत प्रयास किए। पूरे उप्र के मानचित्र पर आगरा का एक विशेष महत्व रहेगा। एक करोड़ नौ लाख 2019 में पर्यटक आए थे। आलू का बड़ा क्षेत्र है। आलू किसानों के साथ अन्याय हुआ। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहता हूं कि आप हमारी गर्मी निकालने की बात कर रहे हैं। आलू की फिक रहा है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही, उनकी गर्मी कैसे निकालोगे। किसान और नौजवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि पांच साल में जो




अन्याय हुआ ये चुनाव मौका है। मैं बदला शब्द प्रयोग नहीं करूंगा। प्रदेश के किसान और नौजवान चुनाव में वोट की चोट जरूर देंगे। सपा और रालोद गठबंधन की सरकार में आगरा को विकास में प्राथमिकता दी जाएगी। अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा आगरा और आसपास के लोगों से मेरी अपील है कि इस बार गठबंधन की मदद करें। सभी प्रत्याशियों को एतिहासिक जीत दिलाने का काम करें। हम कई समय पर मिले हैं और आगरा न केवल यूपी के लिए बल्कि दुनिया में परिचय है। ताजमहल और कारोबार ने दुनिया में भारत और उप्र की प्रतिष्ठा बनाई है। आगरा मेल-जोल का शहर है। मुझे आगरा में कई बार आने का मौका मिला। दाल में मोंठ मिला दी। बेड़ई जलेबी का मेल जोल आगरा में ही दिखाई देता है। यहां के लोग भी इसी तरह मिलकर रहते हैं। कारोबार हमें जोड़ता है, लेकिन नफरत करने वाले लोगों को इस बार आगरा की जनता रिजेक्ट करेगी। नफरत की राजनीति करने वाले लोगों को सबक सिखाएगी जनता। ये चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। संविधान बचाने का चुनाव है।हमारा गठबंधन बहुरंगी है। ये एकरंगी लोग संविधान को भी खत्म करना चाहते हैं।

# गैस सिलेंडर से लगी कमरे में आग दो बच्चियों की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के गोविंदपुरम स्थित शताब्दीपुरम के एक घर में गुरुवार शाम सिलेंडर में आग लगने से दो बच्चियों की मौत हो गई। हादसे के वक्त दोनों घर के अंदर सौ रही थी। हादसे के बाद परिवार के लोग बाहर आए गए, लेकिन आग बढ़ने के कारण वह अंदर रह गईं। दूसरी तरफ लोगों का आरोप है कि हादसे के करीब एक घंटे के बाद दमकल की गाड़ी पहुंची। जिससे उनकी स्थानीय लोगों के साथ नौंकझौंक भी हुई। जब तक बूझी जबतक बच्चियों की मौत हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार, मूल रूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले का रहने वाला बृजेश अपने परिवार के साथ शताब्दीपुरम में किराए के मकान में लंबे समय से रह रहा था। वह मजदूरी करता है, उसके साथ उसकी पत्नी ममता व उसकी छह बच्चियां व साढू पुष्पेंद्र व साली रचना अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। शाम के समय ममता व रचना गैस पर खाना बनाने के लिए गईं। इसी दौरान गैस लीकेज थी, अचानक आग लग गई। आग लगते ही सिलेंडर कमरे में घूमने लगा। आनन-फानन में पुष्पेंद्र, रचना और ममता ने बच्चों को कमरे से बाहर निकालने का काम किया। इसी दौरान आग कमरे में कमरे में फैली आग की चपेट में बृजेश की बच्ची रूबी (4 वर्ष) और रानी (5 वर्ष) आ गईं। उन्हें जब तक अस्पताल ले जाया गाय तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिए हैं। शुरूआती जांच में छोटे गैस सिलेंडर से गैस लीकेज होने के बाद आग लगने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही कविनगर सर्किल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

# गोरखपुर कार्यकर्ता सम्मेलन में शाह बोले- विपक्ष कितनी भी कोशिश कर ले, भाजपा 300 से ऊपर सीट पाएगी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के प्रचार अभियान को धार देने के साथ कायकर्ता का हौसला बढ़ाने के अभियान में लगे गृह मंत्री अमित शाह गोरखपुर पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ अन्य दिग्गजों ने उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोश भरा। अमित शाह ने साफ कहा कि विपक्ष कितनी भी कोशिश कर ले, भाजपा 300 से ऊपर सीट पाएगी। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानून का शासन स्थापित किया। अब माफिया जेल में हैं। बड़े अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल जा रहे है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने सुशासन दिया है। अतीक अहमद मुख्तार अंसारी जैसेम माफिया जेल में हैं। अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों के घर में उजाला किया है। बिजली दी और कोरोना संक्रमण काल में मुफ्त टीका दिया है। हमने दो साल तक गरीबों को राशन दिया है। प्रदेश में केन्द्र सरकार की सभी 73 योजनाओं का योगी आदित्यनाथ सरकार ने ही ठीक से उपयोग किया। जिससे आज प्रदेश में हर तरफ खुशहाली और विकास



दिखाई दे रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी शीर्ष पांच में है। वह दिन दूर नहीं जब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सभी में शीर्ष राज्य होगा। विपक्ष यहां पर कितनी भी कोशिश कर ले, भाजपा 300 से ऊपर सीट पाएगी। शाह ने कहा कि बुआ बबुआ की सरकार में जापानी इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों का सिलसिला पूरे पूर्वांचल में जारी रहा। योगी आदित्यनाथ की सरकार आते ही 5 साल में यह रोग 90 प्रतिशत कम हो गया। भाजपा के शासन में ही यूपी का विकास हो सकता है, इसलिए हम सब को जिताने के लिए तैयार हो जाएं और प्रचंड बहुमत से जीत दिलाएं क्योंकि योगी की सरकार ही गरीब पिछड़ों और दलितों को ऊपर ले जाएगी और प्रदेश को नंबर एक बनाएगी। संबोधन शुरू करने से पहले गृह मंत्री ने कार्यकताओं से जयकारा लगवाया। उन्होंने कहा कि जयकारे की गूंज सहारनपुर तक पहुंचनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले 2013 में जब वह गोरखपुर आए थे तो लोगों ने कहा कि क?या पार्टी डबल डिजिट में पहुंच पाएगी। आज यह हालत विपक्ष की हो गई है। भाजपा उत्तर प्रदेश में इतिहास दोहराने जा रही है। 2014, 2017 और 2019 में प्रचंड जीत वाले यूपी में हम 300 से अधिक सीट जीतेंगे। यह गोरखनाथ, बुद्ध, महावीर और कबीर की धरती है।

# ओवैसी पर हमला : सहारनपुर के शुभम की हरकत से हर कोई हैरान

सहारनपुर। राजनीतिक संगठन मजलिस-ए-इत्तेहदुल मुस्लिम (एआइएमआइएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी की कार पर फायरिंग करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों गिरफ्तार आरोपितों में से एक आरोपित सहारनपुर के नकुड़ थानाक्षेत्र के गांव सांपला बेगमपुर का रहने वाला है। सहारनपुर पुलिस ने उसकी जानकारी की तो पता चला कि आरोपित अनाथ है। उसके पिता का 10 साल पहले तो मां का सात साल पहले देहांत हो चुका है। उस पर कोई भी अपराधिक मुकदमा नहीं है। आरोपित अपने गांव में सालभर में एक या फिर दो बार ही आता है। हापुड़ जनपद के पिलखुवा में नेशनल हाइवे-9 स्थित छिजारसी टोल प्लाजा के समीप गुरुवार करीब पांच बजे औवेसी की कार पर दो युवकों ने हमला कर दिया था। कई राउंड गोली चलाने के बाद आरोपित फरार हो गए थे। अपने हथियार भी मौके पर छोड़ गए थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कैमरों की मदद से गौतमबुद्धनगर निवासी सचिन और सहारनपुर के नकुड़ थानाक्षेत्र के गांव सांपला बेगमपुर निवासी शुभम पुत्र स्व. प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया था। शुभम के बारे में हापुड़ पुलिस ने सहारनपुर पुलिस से संपर्क किया उसका अपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की। सहारनपुर के एसपी देहात अतुल शर्मा ने बताया कि शुभम का कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं है। उसके केवल एक बहन है। जिसकी शादी एनसीआर क्षेत्र में कई साल पहले हो गई थी। शुभम के माता पिता का भी देहांत हो चुका है।

# ब्रज में प्रत्याशियों की भरमार, हाई प्रोफाइल करहल विधानसभा सीट से सिर्फ तीन दावेदार

मैनपुरी। ब्रज में विधायक बनने के लिए चारों जिलों में प्रत्याशियों की भरमार है, लेकिन मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर केवल तीन ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पूरे प्रदेश की नजरें करहल विधानसभा सीट पर टिकी हैं। यहां से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। प्रत्याशियों की संख्या कम होने से यहां मुकाबला सीधा और दिलचस्प हो गया है। ब्रज में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी जिला भी शामिल है। चार जिलों में कुल 23 विधानसभा सीटें हैं। यहां पहले और तीसरे चरण में मतदान होना है। विधानसभा निर्वाचन के लिए इन जिलों में नामांकन का कार्य पूरा हो चुका है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद एक अलग ही तस्वीर सामने आई है। ब्रज की 22 सीटों पर जहां औसतन 10 से 13 प्रत्याशी मैदान में हैं तो वहीं करहल विधानसभा सीट पर केवल तीन ही प्रत्याशी मैदान में हैं। करहल मैनपुरी जिले की वही सीट है, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। तीसरे प्रत्याशी के रूप में बसपा के कुलदीप नरायन मैदान में हैं। ऐसे में इस सीट पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुईं। प्रत्याशियों की संख्या कम होने और सियासी धुरंधरों के करहल से चुनाव लड़ने के चलते यहां मुकाबला दिलचस्प हो गया है। करहल सीट से कांग्रेस ने जहां अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है तो वहीं निर्दलीय व अन्य दलों के आठ नामांकन पत्र जांच में निरस्त हो गए हैं। ऐसे में वोटों का बिखराव होने से बच गया है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद प्रत्याशियों की संख्या घटने से कहीं न कहीं चुनावी गणित गड़बड़ाता नजर आ रहा है। इसे दुरुस्त करने के लिए प्रत्याशी पुरजोर कोशिश में लगे हैं। ब्रज में जहां करहल सीट पर सबसे कम प्रत्याशी हैं तो वहीं मथुरा सीट पर सर्वाधिक 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट से प्रदेश कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ऊर्जा भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। उनके सामने सपा से देवेंद्र अग्रवाल, कांग्रेस से प्रदीप माथुर, बसपा से एसके शर्मा और आमआदमी पार्टी से कृष्ण कुमार शर्मा आदि ताल ठोक रहे हैं।

# अखिलेश की दिए टिकट को कुख्यात डकैत रहे ददुआ के बेटे ने ठुकराया

चित्रकूट। बुंदेलखंड में समाजवादी पार्टी की मुश्किलें कम नहीं हो रही है, चित्रकूट सदर सीट से प्रत्याशी का विरोध अभी थम भी नहीं पाया कि मानिकपुर सीट से एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। यहां सपा से प्रत्याशी बनाए गए कुख्यात डकैत रहे ददुआ के बेटे वीर सिंह पटेल ने चुनाव लड़ने से ही इन्कार कर दिया है। उनका निर्णय सुनकर सियासत में फिर गर्म हो गई है और चचाएं भी तेज हो गई हैं। वीर सिंह ने साफ कर दिया है कि वह मानिकपुर सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनका कहना है कि पिता ने क्षेत्र में जो जुल्म किया था, उसे लेकर लोग लामबंद होते हैं और इसलिए चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। कहा जा रहा है कि इस फैसले के बाद उन्हें सपा प्रमुख ने लखनऊ बुलाया है। चित्रकूट की दोनों विधानसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी ने बुधवार को प्रत्याशी के नाम की घोषणा की थी। चित्रकूट सदर सीट से पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान पटेल और मानिकपुर से पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित



किया था। पहले दिन से चित्रकूट सीट को लेकर अंदर खाने विरोध शुरू हो गया था और दूसरे दिन विरोध सड़क पर दिखने लगा था। वीर सिंह को लेकर क्षेत्र में लोग लामबंद होने लगे थे। शुक्रवार को वीर सिंह ने मानिकपुर सीट से चुनाव मैदान छोड़ दिया। वीर सिंह ने बताया कि दो दिन से टिकट को लेकर मंथन कर रहे थे और शुभचिंतकों से भी बात की। इसके बाद उन्होंने मानिकपुर सीट से चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। दरअसल, वह सदर सीट से तैयारी कर रहे थे और अचानक मानिकपुर से टिकट मिलने पर कम समय में चुनावी जमीन तैयार करना थोड़ा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि उनके पिता बागी जीवन में क्षेत्र जो जुल्म किया था ,उसे लेकर लोग लामबंद हो जाते हैं। वह चुनाव लड़ते कि लामबंदी से निपटते। इसलिए पार्टी प्रमुख को मानिकपुर सीट से चुनाव न लड़ने की जानकारी दे दी है। पार्टी किसी को भी अब चुनाव मैदान में उतार सकती है और वह एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बुलाया है।

# मुजफ्फरनगर में अवैध शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किए दो तस्कर

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में मीरापुर पुलिस ने दो अलग स्थानों से दो आरोपितों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके कब्जे से भारी मात्रा में देशी व कच्ची शराब मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों का चालान कर दिया है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने चैकिंग के दौरान उपाध्याय केंटीन के निकट से गांव रसूलपुर निवासी अरूण पुत्र प्रीतम को शराब लेकर जाते हुए पकड़ा था। जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तथा उसके द्वारा बताए गए स्थान पर छापा मारकर वहां से सात कैन में भरी हुई करीब साढ़े तीन सौ लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस बरामद शराब को लेकर ले आई। साथ ही पुलिस ने गांव सिकंदरपुर के जंगल से सिकंदरपुर निवासी पंकज पुत्र सोहनवीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पंकज के कब्जे से 500 पव्वे दिल से मार्का देशी शराब मिली हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज चालान कर दिया।

# बसपा बेरोजगारों और किसानों को निराश नहीं होने देगी, जिलों के नाम फिर से बदलेंगे : मायावती

अमरोहा। बसपा सुप्रिमो मायावती पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने शुक्रवार को अमरोहा पहुंचीं। यहां के जोया में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने जहां भाजपा और सपा पर निशाना साधा, वहीं अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताईं। कहा, विरोधी पार्टियों की सरकारें अमीरों की हैं। जबकि हम आम आदमी की सरकार चलाते हैं। ऐसी पार्टियों से निजात पाना जरूरी है। इन पार्टियों को साफ करने की ताकत आपके पास है, उसका भरपूर प्रयोग करें। कोरोना संक्रमण फैल रहा है। उससे बचने की गाइडलाइन का पालन करते हुए खूब वोट करें। मायावती ने कहा कि बसपा में सभी को सम्मान मिलता है। अन्य दलों ने उपेक्षा की है। बसपा सरकार में ऐतिहासिक कार्य किये हैं। मुरादाबाद मंडल के लोगों को विश्वास दिलाती हूं कि बेरोजगार व किसानों को निराश नहीं होने दिया जाएगा। किसानों को फसल की उचित कीमत, सस्ते उपकरण दिए जाएंगे। केंद्र सरकार के विवादित नियमों को यूपी में लागू नहीं होने दिया जाएगा। जिलों के नाम फिर बदले जाएंगे। सर्व समाज के लोगों के हितों के फैसले लिए जाएंगे। भाजपा और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि दोनों ही पार्टियों की सरकार ने कानून व्यवस्था खराब की है। उसे सुधारा जाएगा। बीजेपी धर्म के नाम पर काम करती है। गुंडे-माफिया की जगह जेल में है। सीएए व अन्य गलत मामलों में जो मुकदमे दर्ज किए गए हैं उन्हें खत्म किया जाएगा। धरना प्रदर्शन की जरूरत नही पड़ेगी। आयोग गठित करेंगे व मांगे मानेंगे। मायावती ने जनता से अपील की, कहा- विरोधी दलों से सावधान रहना है। लोगों को गुमराह नहीं होना है, ओपीनियन पोल पर ध्यान न दें। 2007 को देख लो। विरोधी दल भ्रामक घोषणा पत्र लाती है, पर वादे पूरे नहीं करती। बसपा कहने में नहीं करने में विश्वास करती है। यूपी में विकास के लिए सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए बसपा की सरकार लानी है, कोरोना नियम का पालन करना है, वोट खूब डाले।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

घोसी, मऊ। जिलाधिकारी अरूण कुमार की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों को लेकर उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी घोसी के साथ समीक्षा बैठक घोसी तहसील में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी से घोसी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत वनरेबुल एवं क्रिटिकल बूथों के बारे में जानकारी ली गयी। घोसी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल मतदेय स्थलों की संख्या 520 हैं। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी घोसी को निर्वाचन सम्बन्धित सभी कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उक्त अवसर पर विधान सभा घोसी के अन्तर्गत विकलांग मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के बारे में जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से फार्म-6, 7 एवं 8 की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली एवं निस्तारण करने के निर्देश दिये। वहीं जिलाधिकारी ने फार्म 12 डी0 की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान को अधिक से अधिक चलाने के निर्देश दिये, साथ ही उप जिलाधिकारी से कहा कि वे अधिक से अधिक प्रयास करें जिससे ज्यादा संख्या में लोग बूथ पे जाकर मतदान करें। उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि



80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का भौतिक बूथवार सत्यापन कर लें। जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकारी घोसी को निर्देशित किया गया कि मिलावटी शराब बनाने व बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही करें, किसी भी दशा में मिलावटी व कच्ची शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। क्षेत्राधिकारी घोसी से जमा असलहों की जानकारी ली एवं शतप्रतिशत असलहों को जमा कराने के निर्देश भी दिये। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा घोसी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत परिषदीय जूनियर हाईस्कूल घोसी में स्थिति बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार घोसी उपस्थित रहे।

### किसान नेता की पहल पर सड़क के किनारे बने जानलेवा गड्ढा पाटा गया

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास सड़क के किनारे बने जानलेवा गड्ढा को किसान नेता नागेंद्र सिंह की पहल पर पाटा गया। जिसे लेकर राहगीरों ने भारी राहत महसूस किया है। करहां-चिरैयाकोट मुख्य सड़क पर स्थित सिक्स लेंथ सड़क पर चढ़ने के लिए बनाया गया अस्थाई मार्ग के कार्नर पर एक गड्ढा बन गया था। जिस से आने जाने वाले लोग अक्सर वाहन से अनियंत्रित हो कर गिर कर चोटिल हो जाते थे। शनिवार के दिन में समाजसेवी व पूर्व सैनिक किसान नेता अपने एक मित्र के साथ बाइक से मुहम्मदाबाद गोहना से अपने घर करहां वापास जारहे थे। इस पर एकाएक उनकी नजर गड्ढे पर पड़ गई। जिस पर उन्होंने बाइक को सड़क निर्माण के प्लांट की तरफ मोड़ दिया। वहां मौजूद प्रबंधक से समस्या को विधवत अवगत कराया। जिस पर मैनेजर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार को तत्काल मिट्टी डालकर गड्ढा पाटने के लिए निर्देश दिया। देखते ही देखते जानलेवा गड्ढा को मिट्टी डालकर पाट दिया गया।

# नगर में धूमधाम से निकली कलश यात्रा



चिरैयाकोट, मऊ। स्थानीय नगर के मुबारकपुर वार्ड न०7 के राम लक्ष्मण जानकी मंदिर व खाकीबाबा कुटी ट्रस्ट पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान, राधा, कृष्ण, शिवलिंग पार्वती, कार्तिकेय तथा गणेशजी के प्रतिभाओं का प्राण प्रतिष्ठा 7 फरवरी दिन सोमवार को सुबह 10 बजें से को किया जाना सुनिश्चित है। जिसके लिए 3 फरवरी दिन गुरुवार को मंदिर परिसर से हाथी घोड़ा और गाजे-बाजे के साथ 51 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा खाकीबाबा कुटी से प्रारंभ होते हुए तकिया रोड से मुख्य चैक से होते हुए खरिहानी रोड त्रिमुहानी से बड़हल पुलिया होते हुए कुटी पर पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक मंडल में अध्यक्ष अविनाश लाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष, मनोज कुमार वर्मा, तथा मुख्य यजमान फूलचंद वर्मा अमित वर्मा, सुभाषचंद्र जायसवाल, निर्जल चैरसिया, श्रवण मद्धेशिया, महेन्द्र मद्धेशिया, यशवंत पान्डेय, प्रकाश पाण्डेय, संदीप तिवारी, अजित कुमार मद्धेशिया, राजकुमार मौर्या आदि लोग शामिल रहे।

# लगातार चौथी बार फाइनल में भारत

## अंडर19 विश्वकप: यश धुल के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 96 रन से हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान यश धुल (110) के शानदार शतक और उनकी उपकप्तान शेख रशीद (94) के साथ तीसरे विकेट के लिए 204 रन की दोहरी शतकीय साझेदारी और गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को अंडर 19 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में बुधवार को 96 रन से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका मुकाबला शनिवार को इंग्लैंड के साथ होगा। भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 290 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 41.5 ओवर में 194 रन पर निपटा दिया। यश धुल को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने 37 रन तक अपने दो विकेट खो दिए थे लेकिन यश और रशीद ने तीसरे विकेट के लिए जबरदस्त साझेदारी की। यश ने 110 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के के सहारे 110 रन बनाये जबकि रशीद ने 108 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के के सहारे 94 रन बनाये। भारत ने आखिरी ओवर में 27 रन सहित अंतिम 10 ओवरों में 108 रन बटोरे। दिनेश बाना ने मात्र चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 20 रन बनाये। निशांत संधू ने 10 गेंदों में नाबाद 12 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जैक निस्बेट और विलियम सॉल्ज़मैन ने दो दो विकेट लिए।

### भारत का विजयी अभियान जारी

यह इस टूर्नामेंट में भारत की लगातार पांचवीं जीत है और वह अजेय बना हुआ है। फाइनल में भारत का मुकाबला शनिवार को इंग्लैंड से होगा। बल्लेबाजों के बाद भारतीय स्पिनरों ने कमाल दिखाया। अंगकृष रघुवंशी ने कैंपबेल केलावे (30) और कोरी मिलर (38) के बीच दूसरे विकेट के लिए हुए 68 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद विकी ओस्तवाल और निशांत सिंधु ने अपना जादू बिखेरना शुरू किया। स्पिनरों ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बांधे रखा और एक समय 71/1 पर खड़ी ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 125 रन पर सात विकेट हो गया। इसके बाद बस औपचारिकता ही बची थी। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को अंडर 19 विश्व कप से बाहर किया है। भारत की तरफ से विकी ओस्तवाल ने 42 रन पर तीन विकेट, निशांत सिंधु ने 25 रन पर दो विकेट और रवि कुमार ने 37 रन पर दो विकेट झटके।

### धुल व रशीद ने संभाला

हालांकि भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। अच्छे फ़ॉर्म में चल रहे दोनों सलामी बल्लेबाज रघुवंशी (6) और हरनूर सिंह (16) 13वें ओवर में ही 37 के स्कोर तक पवेलियन में थे। लेकिन इसके बाद धुल और रशीद ने अपना कमाल दिखाना शुरू किया। शुरुआत में उन्होंने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया। 13 से 28 ओवर के बीच दोनों ने बस तीन चौके लगाए और सुनिश्चित किया कि भारत के पास आखिरी ओवरों के लिए पर्याप्त विकेट बचे रहे। हालांकि इस दौरान वे लगातार सिंगल-डबल लेते रहे और पारी को 100 के पार पहुंचाया। 29वें ओवर से धुल ने आक्रमण करना शुरू किया। 31वें ओवर में एक पुल शॉट पर चौका लगाकर उन्होंने 64 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। 36वें ओवर तक टीम इंडिया का स्कोर 150 रन था। वहीं रशीद अब भी धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ा रहे थे। उन्होंने 78 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। अर्धशतक जमाने के बाद रशीद अलग ही खिलाड़ी दिखे। उन्होंने एक ही ओवर में दो चौके लगाकर इसके संकेत दिए और फिर विलियम के एक ही ओवर में हैट्रिक चौका मारा। यह पारी का 41वां ओवर था।

### बतौर कप्तान शतक बनाने वाले धुल तीसरे भारतीय

अंडर19 वर्ल्ड कप में यश धुल शतक जमाने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं। उनसे पहले विराट विराट कोहली और उन्मुक्त चंद यह कारनामा कर चुके हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया

## महिला एशेज सीरीज में मूनी का शानदार अर्धशतक



**कैनबरा ।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (73) के शानदार अर्धशतक और तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन (34 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को यहां महिला एशेज सीरीज के पहले लॉ-स्कोरिंग वनडे मैच में इंग्लैंड को 27 रन से हरा कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और अच्छी गेंदबाजी करते हुए मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवर में नौ विकेट पर 205 रन पर ही बनाने दिए।

जवाब में हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने भी घातक गेंदबाजी की और इंग्लैंड को 45 ओवर में 178 रन पर ऑलआउट करके मैच जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत की हीरो अनुभवी बल्लेबाज मूनी और तेज गेंदबाजी डार्सी रहीं। मूनी ने जहां आठ चौकों और एक छक्के के सहारे 91 गेंदों पर 73 रन की पारी खेली, वहीं डार्सी ने 10 ओवर में 34 रन पर चार विकेट लिए। उनके अलावा मेगन शट्ट, जेस जोनासेन और ताहलिया मैकग्रा ने दो-दो विकेट लिए। मूनी को मैच अर्धशतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी ऑलराउंडर नताली साइवर ने तीन चौकों की मदद से 66 गेंदों पर 45 रन बनाए, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाजों ने कैथरीन ब्रंट और केट क्रॉस ने तीन-तीन विकेट लिए। दोनों टीमों के बीच अब रविवार को सीरीज का दूसरा मैच खेला जाएगा।

## कुछ समय घर पर बिताना चाहता हूं : जैमिसन

**क्राइस्टचर्च ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमिसन ने खुलासा किया है कि पिछले दो वर्षों में अधिकतर समय बायो-बबल में रहने से उन पर बहुत असर पड़ा है, जिसने उन्हें आगामी आईपीएल 2022 नीलामी में शामिल न होने के लिए प्रेरित किया है। जैमिसन ने गुरुवार को देश की घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट चैंपियनशिप प्लंकेट शील्ड के आगामी सीजन से पहले अधिकतर समय कोरोना वायरस प्रतिबंधित वातावरण में रहने से उन पर पड़े मानसिक प्रभाव को कम करने के लिए घर पर अधिक समय बिताने की इच्छा व्यक्त की। प्लंकेट शील्ड के इस सीजन ऑकलैंड के लिए खेलने वाले जैमिसन ने कहा, यकीनन मेरे लिए कुछ चीजें थीं। पिछले 12 महीनों में अनिवार्य क्वारंटीन और बायो-बबल के साथ काफी चुनौतियां थीं और हमें उस तरह के सेट-अप में काफी वक्त बिताना था। यह मेरे लिए महत्वपूर्ण था। अब जब मैं अगले 12 महीनों के शेड्यूल को देखता हूं तो मैं कोशिश करूंगा कि मैं छह से आठ हफ्ते अपने घर पर बिता सकूं। तेज गेंदबाज ने कहा, दूसरी बात यह थी कि पिछले 12 से 24 महीनों में मैं यह समझ रहा था कि मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में बहुत छोटा हूं और मैं केवल दो वर्षों में अपने खेल पर काम करने के लिए समय निकालना चाहता था। मैं मानता हूं कि मुझे ऐसा नहीं लगा था कि मैं वहां था जहां मैं होना चाहता था और अगर मैं न्यूजीलैंड की टीमों में तीनों प्रारूपों में आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा करना चाहता हूं तो मुझे सच में अपने खेल पर काम करने के लिए कुछ समय बिताने की जरूरत है, न कि सिर्फ पूरे समय खेलने की कोशिश करने की।

## मैं आरसीबी में जाना पसंद करूंगा

### नीलामी को लेकर बेचैन नहीं चहल

**नई दिली ।** लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल पिछले कई साल से आईपीएल नीलामी में नहीं गए हैं, लेकिन उन्हें अब एक सप्ताह के भीतर ही नीलामी में जाना है। वह इसको लेकर बेचैन नहीं हैं और उनका कहना है कि जो भी नीलामी में होगा, उससे वह ख़ुश हैं। हालांकि उन्होंने यह ज़रूर कहा कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आरसीबी के साथ जाना पसंद करेंगे, जिसके साथ वह पिछले आठ साल से रहे हैं।विराट कोहली से अपनी बॉण्डिंग के बारे में बात करते हुए चहल ने कहा, मैं विराट भैया को अंडर-15 के दिनों से ही जानता हूं। हम नॉर्थ जोन के लिए भी एक साथ खेले हैं। 2014 में मैं जब आरसीबी में आया, तब मैं बहुत नर्वस था। लेकिन वह कवर में रहकर मुझे उत्साहित करते रहते थे। कई बार आक्रमकता में मैं विकेट लेकर बल्लेबाज के पास चला जाता था।



## जाइल्स की आलोचना करना गलत

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा



**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि कोविड19 महामारी की स्थिति में टीम की देखभाल करने वाले एशले जाइल्स जैसे अच्छे व्यक्ति की आलोचना करना गलत है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ईसीबी ने को एशेज में 4-0 की हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर जाइल्स को प्रबंध निदेशक के पद से हटा दिया।

हुसैन ने कहा, मैं एशले को लेकर निराश हूं, क्योंकि वह एक शीर्ष व्यक्ति है। मैं आपको यह बता सकता हूं। मैंने उनकी कप्तानी की, मैंने उनके साथ काम किया। उन्होंने महामारी में खिलाड़ियों का बेहतर तरीके से देखभाल किया। इसलिए मैं उनकी आलोचना नहीं कर सकता। हुसैन ने जाइल्स के अलावा हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड के प्रति भी सहानुभूति महसूस की, जहां इंग्लैंड ने पूरी दुनिया में बायो-बबल में खेलने में काफी समय बिताया है। उन्होंने कहा, मुझे सिल्वरवुड और जाइल्स दोनों के लिए बहुत सहानुभूति है, क्योंकि महामारी में घर से दूर किसी भी टीम की तुलना में अधिक टेस्ट क्रिकेट खेला है। उनके खिलाड़ी बायो-बबल में हैं और दुनिया की यात्रा कर रहे हैं। ऐसे में 11 खिलाड़ियों को स्विच करना और अच्छी गुणवत्ता वाली क्रिकेट खेलना अविश्वसनीय रूप से कठिन रहा है। जाइल्स ने अपने खिलाड़ियों की देखभाल करने की कोशिश की है। हुसैन ने जाइल्स को बर्खास्त करने का विरोध किया, जो 2018 के अंत में इंग्लैंड के क्रिकेट के प्रबंध निदेशक के रूप में सर एंड्रयू स्ट्रॉस के उत्तराधिकारी बने थे। उन पर विशेष रूप से एशेज 4-0 से हारने के बाद सवाल खड़े हो रहे थे। हुसैन ने कहा कि जाइल्स ने चयन समिति का पुनर्गठन करके एक गलती की, जहां सिल्वरवुड को मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम दिया गया, क्योंकि एड स्मिथ को राष्ट्रीय चयनकर्ता के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### बांग्लादेश की महिला विश्व कप टीम के तीन सदस्य कोरोना संक्रमित

**ढाका।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के लिए न्यूज़ीलैंड जाने वाली बंगलादेश क्रिकेट टीम कोरोना वायरस की चपेट में आ गई है। टीम की एक खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के दो सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड बीसीबी के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। बीसीबी महिला विंग के अध्यक्ष नडेल चौधरी ने गुरुवार को बताया, एक खिलाड़ी और दो अधिकारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

## बोपन्ना-रामकुमार टाटा ओपन के सेमीफाइनल में

**पुणे ।** ग्रैंड स्लैम जीत चुके अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके युवा भारतीय जोड़ीदार रामकुमार रामनाथन ने गुरुवार को बालेवाड़ी स्टेडियम में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 2022 टाटा ओपन महाराष्ट्र के युगल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। स्टार भारतीय जोड़ी ने अंतिम-8 दौर के मैच में ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और चेक गणराज्य के जिरी वेस्ली की चुनौती को 7-6 (7-3), 7-6 (7-4) से समाप्त किया। दक्षिण एशिया के इस एकमात्र एटीपी 250 टूर्नामेंट के चौथे संस्करण के रूप में बोपन्ना और रामकुमार एक साथ अपना दूसरा एटीपी इवेंट खेल रहे हैं। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट टाईब्रेकर में जीता। यह इवेंट महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाता है। पहले सेट की तरह दूसरे सेट मे भी जोरदार मुकाबला देखा गया। दोनों जोड़े अपने अप्रोच में आक्रामक दिख रहे थे और विरोधियों को बढ़त बढ़ाने की अनुमति नहीं दे रहे थे।



# मैक्सिको व अमेरिका का क्लालीफाई की संभावना



**मैक्सिको सिटी।** राउल जिमेनेज के गोल की बदौलत मैक्सिको ने पनामा पर 1-0 की जीत के साथ अपनी विश्व कप में क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जिंदा रखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने होंडुरास के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की और क्वालिफाई के करीब पहुंच गया। मैक्सिको सिटी ने कई मौको पर विफल रहने के बाद, जिमेनेज ने 80वें मिनट में गोल गाद कर अपनी टीम को जीत दिलाने में मदद की। एज्टेका स्टेडियम के परिणाम ने मेक्सिको को आठ टीम उत्तर, मध्य अमेरिकी और कैरिबियन क्वालीफाइंग ग्रुप में 11 खेलों में से 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। पनामा चौथे स्थान पर मौजूद है। इस बीच सेंट पॉल मिनेसोटा, जुवेंटस के मिडफील्डर वेस्टन मैककेनी और चेल्सी फॉरवर्ड क्रिश्चियन पुलिसिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों में से थे, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने बुधवार को अपने विश्व कप क्वालीफायर में होंडुरास पर 3-0 से घरेलू जीत दर्ज की।

## धवन बोले, मैं ठीक हूं , प्रशंसकों को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन कोरोना संक्रमित होने के कारण आइसोलेशन में हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वह ठीक हैं और शुभकामनाओं के लिए अपने प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई ने अहमदाबाद पहुंचने के बाद सात सदस्यों के संक्रमित होने के बाद बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को भारत की वनडे टीम में शामिल किया, जिसमें चार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़ और नवदीप सैनी शामिल हैं। धवन ने ट्विटर पर लिया, आपकी शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं ठीक हूं और मुझे जो प्यार मिला है उससे मैं विनम्र हूं। भारतीय टीम के सदस्यों को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए 31 जनवरी को अहमदाबाद में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया था। अहमदाबाद की यात्रा करने से पहले उन्हें घर पर आरटीपीसीआर परीक्षण से गुजरने के लिए भी कहा गया। बीसीसीआई ने कहा, अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने मयंक अग्रवाल को सात सदस्यों पॉजिटिव होने के बाद भारत की वनडे टीम में शामिल किया है, जिसमें टीम इंडिया के तीन सीनियर खिलाड़ी आरटीपीसीआर टेस्ट के दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उपकप्तान केएल राहुल पहले वनडे के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ शेष श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे।



# टी20 सीरीज से शुरू होगा श्रीलंका का भारत दौरा

## विराट कोहली मोहाली में खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट

**नई दिल्ली ।** भारत बेंगलुरू में श्रीलंका के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट खेलने के लिए तैयार है और अब पहले से निर्धारित शेड्यूल के विपरीत शुरुआत में टी20 मैच होंगे। तारीखों में अभी भी बदलाव किया जा रहा है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि बीसीसीआई श्रीलंका क्रिकेट के अनुरोध पर पहले छोटा प्रारूप खेलने के लिए सहमत हो गया है, ताकि उनके टी20 टीम को आसानी से बबल से बबल स्थानांतरण की अनुमति मिल सके, जो अभी ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला खेल रहे हैं। इस बदलाव का मतलब यह भी है कि विराट कोहली अपना 100वां टेस्ट बेंगलुरु में नहीं खेलेंगे। इसकी संभावना थी क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर कोहली अपना 99वां टेस्ट खेलकर लौटे थे। वह पीठ की ऐंठन के कारण जोहानसबर्ग में दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। पहला टेस्ट अब मोहाली में खेला जाएगा। दौरे के अंत में गुलाबी गेंद से टेस्ट की मेजबानी करने के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम तैयार है, जिसने अब अपनी फ्लड लाइट्स को अपग्रेड कर दिया है।




## रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 10 फरवरी से, 30 मई से होंगे नॉकआउट मुकाबले

नयी दिल्ली। बहुप्रतीक्षित रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 10 फरवरी से 15 मार्च तक खेला जाएगा जिसके बाद देश की शीर्ष घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता को इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान ब्रेक दिया जाएगा। टूर्नामेंट का अगला चरण 30 मई से 26 जून तक होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने राज्य इकाइयों को गुरुवार को यह जानकारी दी। शाह के पत्र से स्पष्ट हो गया है कि यह सबसे छोटे प्रथम श्रेणी सत्र में से एक होगा जिसमें अधिकांश टीम को सिर्फ तीन मैच खेलने को मिलेंगे। इसका मतलब हुआ कि ग्रुप लीग चरण से बाहर होने वाली टीम को बढ़ी हुई मैच फीस का अधिक फायदा नहीं मिलेगा क्योंकि अधिकांश टीम ग्रुप चरण से बाहर हो जाएंगी। जैसा कि पीटीआई ने पहले जानकारी दी थी चार-चार टीम के आठ एलीट ग्रुप बनाए जाएंगे जबकि बाकी बची छह टीम को प्लेट डिविजन में जगह मिलेगी। मैच फीस के नए स्लैब के अनुसार 40 से अधिक मुकाबले खेलने वालों को प्रतिदिन 60 हजार रुपये का भुगतान होगा जो 35 हजार रुपये प्रति दिन की पिछली मैच फीस से काफी अधिक है। इसके अलावा 21 से 40 मैच का अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों को प्रति दिन 50 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान 62 दिन में 64 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले चरण में 57 मैच होंगे। दूसरे चरण में सात नॉकआउट मैच होंगे जिसमें चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमीफाइनल और फाइनल होगा। एलीट ग्रुप के मैच राजकोट, कटक, चेन्नई, अहमदाबाद, त्रिवेंद्रम, दिल्ली, हरियाणा और गुवाहाटी में खेले जाएंगे। प्लेट लीग मैच कोलकाता में होंगे। टूर्नामेंट के दौरान नौ स्थलों पर नौ जैविक रूप से सुरक्षित माहौल की जरूरत पड़ेगी। पिछले साल रणजी ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार इस टूर्नामेंट को रद्द किया गया था और इस साल भी कोविड-19 की तीसरी लहर के कारण बीसीसीआई को टूर्नामेंट को स्थगित करने को बाध्य होना पड़ा। यह टूर्नामेंट पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 जनवरी को शुरू होना था। भारत में लाल गेंद से पिछला घरेलू क्रिकेट मुकाबला मार्च 2020 में खेला गया था। शाह ने राज्य इकाइयों को भेजे पत्र में लिखा, मुझे आपके साथ यह साझा करने की खुशी है कि हम अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट दोनों को बहाल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारे धैर्य के साथ इंतजार किया कि महामारी की पकड़ ढीली हो और समय आ गया है कि हमारे क्रिकेटर एक बार फिर आकर्षण का केंद्र बनें। उन्होंने लिखा, संशोधित रणजी ट्रॉफी का प्रारूप अब तैयार है। प्रसार के खतरे को कम करने के लिए हमने देश के नौ अलग स्थलों पर रणजी ट्रॉफी का आयोजन करने का फैसला किया है जबकि यह भी सुनिश्चित किया है कि जैविक रूप से सुरक्षित माहौल पर अधिक जोर नहीं पड़े।

# लेवर कप के लिए टीम बनाएंगे नडाल, फेडरर

## पांचवें संस्करण के लिए टीम बनाएंगे दिग्गज

**लंदन ।** टेनिस सुपरस्टार स्पेन के राफेल नडाल और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर 23 से 25 सितंबर तक यहां ओ2 एरिना में होने वाले लेवर कप के पांचवें संस्करण के लिए टीम बनाएंगे। दोनों खिलाड़ियों ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। दोनों खिलाड़ी टीम यूरोप का प्रतिनिधित्व करेंगे और कप्तान ब्योर्न बोर्ग की चौकस नजरों में लगातार पांचवीं बार लेवर कप खिताब को डिफेंड करने के लिए टीम वर्ल्ड से भिड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि नडाल ने हाल ही में 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष एकल के रोमांचक फाइनल में पूरी दुनिया को चौंका दिया था। दो सेटों में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए उन्होंने दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी रूस के दानिल मेदवेदेव को हराया और इतिहास में 21 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पहले शख्स बन गए।फेडरर इस बात से खुश हैं कि नडाल लंदन में लेवर कप के लिए उनके जोड़ीदार होंगे। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता फेडरर ने इस बारे में कहा, राफेल एक शानदार व्यक्ति हैं और मेरे और दुनिया भर के अनगिनत लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होंने पिछले साल बोस्टन में लेवर कप के बाद मुझे सोशल मीडिया पर संदेश दिया था कि हम लंदन में युगल जोड़ी के रूप में खेलेंगे हैं और मैं निश्चित रूप से लेवर कप फेडल कमबैक के लिए तैयार हूं। नडाल दो बार लेवर कप का हिस्सा रहे हैं। पहले प्राग में और फिर 2019 में जिनेवा में। उन्होंने 2017 में प्राग में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में फेडरर के साथ अपने पहले और एकमात्र युगल मैच के लिए जोड़ी बनाई थी, जहां उन्होंने सैम क्वेरे और जैक सॉक की अमेरिकी जोड़ी को तीन सेटों के संघर्ष में हराया था। नडाल ने कहा, मैंने रोजर को सुझाव दिया है कि हमें लंदन में एक साथ युगल खेलना चाहिए और वह उत्सुक लगते हैं, इसलिए अब हमें अपने कप्तान ब्योर्न को मनाने की जरूरत है। रोजर मेरे करियर का एक बड़ा हिस्सा रहे हैं।



# पीएम मोदी ने वर्चुअल रैली को किया संबोधित

## निवर्तमान भाजपा विधायक की अगुवाई में पहुंचे सैकड़ों लोग, कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाने का लिया संकल्प

सिकन्दरपुर (बलिया) (स्टेट मीडिया)। स्थानीय गांधी इंटर कॉलेज के परिसर मे वुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विषय पर एक वर्चुअल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान निवर्तमान विधायक संजय यादव की अगुवाई में विधानसभा क्षेत्र से आये सैकड़ो लोगों नें वर्चुअल रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। वर्चुअल रैली को संबोधित करतें हुए पीएम नरेंद्र मोदी नें गरीबी, बेरोजगारी, कोरोना महामारी, गरीबों हेतु आवास, विश्व में भारत की भूमिका, भारतीय अर्थव्यवस्था, छोटे व मध्यम व्यापारियों के हित मे किये जा रहें कार्य, वोकल फॉर लोकल, पब्लिक इन्वेस्टमेंट, बजट-2022, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत बहुत



जल्द मोबाइल व मोबाइल में प्रयोग होने वाली बैटरियों का बहुत बड़ा हब बनने जा रहा है, जिससे बड़ी मात्रा में हमारें देश के युवाओं को रोजगार सहज ही उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री के संबोधन के बीच नई उर्जा के साथ उपस्थित लोगों व भाजपा कार्यकताओं ने ताली बजाकर व नारेबाजी कर प्रधानमंत्री के उद्बोधन की एक एक बातों के प्रति अपना भरपूर समर्थन व विश्वास जताया। पीएम का संबोधन के उपरांत निवर्तमान विधायक संजय यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हुआ हैं। विरोधियों पर निशाना साधते हुए निवर्तमान विधायक कहा कि पूर्व की सरकारों नें सिर्फ अपने विकास व मतलब की राजनीति की हैं। वर्ना आज भारत देश भी विकसित देशों की लिस्ट मे



शामिल होता। कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नें आज पूरे विश्व में एक नया मान बिंदु स्थापित किया है। पूरा विश्व यह सोचने पर विवश है कि सिर्फ एक व्यक्ति ने बीते 5 सालों में उत्तर प्रदेश का इतिहास व स्वरूप कैसे बदल कर रख दिया। इस दौरान निवर्तमान विधायक संजय यादव ने क्षेत्र में हुए तमाम विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनाने की अपील किया। इस दौरान निवर्तमान विधायक ने कुलदीप चौबे की अगुवाई में विभिन्न दलों को छोड़कर आए दर्जनों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी दिलाई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने निवर्तमान विधायक संजय यादव को फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा आगामी चुनाव में पुनः सिकन्दरपुर विधानसभा सीट से संजय यादव को भारी मतों से जिताकर इस सीट को भारतीय जनता पार्टी के झोली में डालने के प्रति अपना विश्वास दिलाया। कार्यकताओं व आम लोगों का अभूतपूर्व जनसमर्थन देखकर संजय यादव ने कहा कि अपार जन समर्थन को देखते हुए इस चुनाव में हम लोग रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजई होकर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। वर्चुअल रैली मे मुख्य रूप से शोभन राजभर, मुक्तेश्वर वर्मा, आकाश तिवारी, विनोद शंकर गुप्ता, ओपी यादव, जितेन्द्र यादव, संजय राय, निरंजन राय, डॉ रविन्द्र वर्मा, डॉ उमेश चंद्र, प्रयाग चौहान, जितेन्द्र सोनी, लालबचन शर्मा, प्रमोद गुप्ता, अजय खरवार, सीपी सिंह, सोनू वर्मा, राकेश पाण्डेय, विनोद गुप्ता, संतोष चौरसिया समेत सैकड़ों की संख्या मे महिला, पुरुष व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## आरुष का मुंडन संस्कार उजियार घाट में सकुशल सम्पन्न



बलिया (स्टेट मीडिया)। हिंदू धर्म में मुंडन की परंपरा बहुत पहले से चली आ रही है। किसी भी शिशु का मुंडन संस्कार ज्यादातर पवित्र धार्मिक स्थलों पर किया जाता है। माता के गर्भ से जन्म लेने के पश्चात शिशु के सिर के जो बाल होते हैं, उन्हें हटाने को मुंडन संस्कार कहा जाता है। मुंडन संस्कार करवाने के पीछे भी कई मान्यताएं और तर्क हैं। नवजात शिशु का मुंडन संस्कार के पीछे धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक कारण भी माना जाता है। इसी क्रम में बुधवार को गुप्त नवरात्रि का प्रथम दिवस पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बालेश्वर लाल जी के प्रपौत्र एव प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के पौत्र आरुष का मुंडन संस्कार बलिया जिले के उजियार घाट में गंगा के किनारे सकुशल व सोल्लास पूर्वक वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष के छोटे पुत्र अम्बुज के पुत्र आरुष एवं माता का नाम ऋतुराज है।इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों, नातेदार रिश्तेदार व इष्ट मित्र उपस्थित रहे। गाजे बाजे महिलाएं के गीत के बीच व पतित पावनी गंगा के किनारे मनोरम दृश्य रहा।

## अंशिका पांडेय ने किया नीट क्लालीफाई गोरखपुर एम्स में हुआ चयन

मधुबन, मऊ। कहा जाता है कि लड़कियां किसी मामले में लड़कों से कम नहीं हैं। यह सिद्ध करके तहसील क्षेत्र के अम्मा भेलऊर गांव निवास अंशिका पांडेय ने दिखा दी है। अंशिका पांडेय ने नीट क्लालीफाई कर 2561वां रैंक पाने के बाद प्रथम काउंसलिंग पर एम्स गोरखपुर में चयन हुआ। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के अम्मा भेलऊर गांव निवासी अंशिका पाण्डेय के पिता जितेंद्र पाण्डेय बिहार प्रांत के हरी नगर में शुगर मिल फैक्ट्री में कार्यरत हैं। माता धीरा पाण्डेय गृहिणी हैं। अंशिका पाण्डेय अपने चार बहनों व एक भाई में तीसरे स्थान पर है। अंशिका बचपन से ही एक मेघावी छात्रा है इसकी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय में हुई थी। कक्षा 6 से इंटर तक गुट्टी लाल इंटर कॉलेज पश्चिम चंपारण बेतिया बिहार से पूर्ण हुई है। लगन व निष्ठा से तैयारी कर नीट क्वालीफाई करने के बाद एम्स गोरखपुर में चयन होने से परिजनों सहित गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। अंशिका पाण्डेय की माने तो इसका श्रेय बाबा बृजराज पाण्डेय व बड़े पिता जयंत पाण्डेय को दी है। उसको बधाई देने वालों में दुबारी ग्राम प्रधान सपन कन्नौजिया, लाला यादव, हरि नारायण पाण्डेय, हरिलाल यादव, महेन्द्र यादव, अभिषेक पाण्डेय, रत्निल पाण्डेय, अनुपम पाण्डेय, आदि रहे।



# लोकतंत्र की ताकत मतदान होती है- उपेंद्र पाठक

मऊ। लोकतंत्र की ताकत मतदान होती है। जितना ज्यादा मतदान होगा। सरकार में जन भागीदारी उतना ही अधिक होगी। उक्त संदेश नेहरु युवा केंद्र मऊ के तत्वावधान में आयोजित मतदाता जागरुकता एवं शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने के लिए स्वीप के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के पश्चात विजेता प्रतिभागियों को मतदाता की शपथ दिलाते हुए उपायुक्त मनरेगा उपेंद्र कुमार पाठक ने डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ के प्रांगण में विजेताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने युवा शक्ति को ललकारते हुए कहा कि युवा देश की धरोहर है और इनकी हुंकार से बदलाव का रास्ता प्रशस्त होता है। प्रतियोगिता के विजेताओं में वॉलीबॉल के अंतर्गत भैरोपुर




फतेहपुर मंडाव की टीम प्रथम बंहौर रानीपुर की टीम द्वितीय कबड्डी प्रतियोगिता में घोसी की टीम विजेता तो रानीपुर के पलिया की टीम उप विजेता का स्थानन अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन पाठक ने युवा शक्ति को अपनी संदेश देते हुए कहा कि विभाग गांव गांव में खेलों की मशाल जलाने का कार्य कर रहे हैं युवा संगठन बनाने पर युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रकार की योजना चला रहा है। युवा वर्ग को इनसे जुड़ना चाहिए अतिथियों का स्वागत नेहरु युवा केंद्र के एपीए ओम प्रकाश मिश्र ने किया और आभार अभिव्यक्ति जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल ने किया। इस अवसर पर नेहरु युवा केंद्र के सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक तथा स्टेडियम के कोच मौजूद रहे।

## बंद मकान का ताला तोड़कर सामान सहित लाखों की चोरी

दोहरीघाट, मऊ। थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमाबाद में मंगलवार की रात्रि चोरों ने बन्द घर में पांच तालों को तोड़कर लाखो रुपए के सोने चांदी के आभूषण सहित 65 हजार नगद उठा ले गए। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ता कर चोरी के खुलासे में लग गई। प्राप्त सूचना के अनुसार हरेंद्र राय पुत्र गोमती राय निवासी बरोही पत्तेहपुर थाना बिलरियागंज आजमगढ़ नेशनल इंटर कॉलेज बड़हलगंज में सहायक अध्यापक के पद कार्यरत है। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद में मकान बनवा कर निवास करते है।गांव में शादी होने के कारण पूरा परिवार शनिवार मकान में ताला बंद कर चला गया था। मंगलवार की रात्रि पूरा मकान खाली था,जिसके बाद चोरों ने गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।उसके बाद एक के बाद एक पांच ताला तोड़ दिए।कमरों में रखी आलमारी व बकसो का तालातोड़कर दो 5-5 ग्राम की सोने का लॉकेट, 10 ग्राम का एक सोने का कान का टप्स,एक चांदी का कंगन तथा एक एलईडी टीवी सहित घर मे रखा 65 हजार नगद उठा ले गए पीड़ित को घटना की जानकारी बुधवार की सुबह गेट का ताला टूटा होने पर पड़ोसीयो ने पीड़ित को जानकारी दी। जब घर के अंदर घुस कर देखा तो सभी समान इधर उधर बिखरा हुआ था। पीड़ित ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी।मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया।वही इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी घोसी आरपी सिंह ने कहा कि बन्द मकान का ताला तोड़कर चोरी की सूचना मिली है। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है।

## अब फुटकर ग्राहकों को भी चीनी बेचेगी सठियांव मिल

अमिलो (आजमगढ़)। गन्ना किसानों को भुगतान के बदले चीनी देने की योजना के बाद सठियांव शुगर मिल ने एक और पहल की है। अब फुटकर ग्राहकों को भी मिल से चीनी बेची जाएगी। इसके लिए चीनी मिल में फुटकर विक्रय केंद्र खोला गया है। बाजार के मुबाकले यहां से चीनी सस्ती मिलेगी, क्योंकि मिल प्रबंधन को चीनी बाजार तक पहुंचाने का खर्च बचेगा।दूसरी बात यह कि व्यापारी ट्रांसपोर्ट खर्च जोड़कर दाम तय करते हैं, जबकि यहां ऐसा नहीं है।

कोई भी फुटकर ग्राहक मिल परिसर के क्रय केंद्र पहुंचकर चीनी खरीद सकता है।यह पहल गन्ना किसानों के लिए बहुत पहले की गई थी, लेकिन उसमें शर्त यह थी कि कम से कम एक बोरा चीनी लेनी पड़ती थी। ऐसे में किसानों ने उस योजना में बहुत रुचि नहीं दिखाई। उसके बाद सीधे ग्राहकों को चीनी बेचने का फैसला लिया गया। बता दें कि पहले चीनी का उत्पादन करने के बाद थोक निर्यात की जाती थी, जिससे चीनी स्टाक में हमेशा डंप रहती थी।आम ग्राहक को चीनी बेचने के फैसले से फायदा यह होगा कि कुछ न कुछ चीनी बिकती जाएगी। इससे उत्पादन और वितरण की प्रक्रिया साथ-साथ चलती रहेगी। मिल प्रबंधन ने फुटकर के साथ यह भी व्यवस्था दी है कि जिसे थोक में चीनी चाहिए वह भी ले सकता है। इससे आय का रास्ता आसान होगा और उसके साथ गन्ने का बकाया भुगतान करने में भी आसानी होगी। इस संबंध जीएम लालता प्रसाद सोनकर ने बताया कि क्रय केंद्र खुलने से आसपास के लोगों को लाभ होगा।




## दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

रतनपुरा, मऊ। हलधरपुर पुलिस ने दुराचार के एक आरोपी को गुरुवार के दिन गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि 1 फरवरी के दिन एक महिला गांव के बाहर जब दिशा शौच के लिए गई थी ,उसी दौरान घात लगाकर के गांव का एक युवक उसे दबोच लिया, और मुंह बंद करके झाड़ियों में ले जाकर के उसके साथ दुराचार किया। महिला ने घर आकर के इस घटना की जानकारी दी ,तो आरोपी के विरुद्ध हलधरपुर थाने में दुराचार के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।पुलिस ने इस प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए 3 फरवरी को दुराचार के आरोपी विजेंदर राम पुत्र गुलाब राम निवासी मानिकपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 376 एक के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। इस प्रकरण की जांच प्रभारी निरीक्षक शत्रुंजय कुमार सिंह कर रहे हैं।

## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा पर्चा दाखिल

आजमगढ़। आजमगढ़-मऊ स्थानीय प्राधिकारी द्विवार्षिक निर्वाचन-2022 (विधान परिषद) के तीन मार्च को होने वाले चुनाव के लिए प्रशासन की तरफ से तैयारी मुकम्मल कर ली गई है। चार से 11 फरवरी तक सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित कर लिए गए हैं। डीएम अमृत त्रिपाठी ने शुक्रवार को प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कहाकि कोविड गाइडलाइन एवं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने कलेक्ट्रेट के आसपास बनाए बैरिकेडिग परिधि के अंदर सभी दुकानों को चार से 11 फरवरी तक 11 बजे से चार बजे तक बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिग परिधि के अंदर दवा की दुकान व हास्पिटल खुले रहेंगे।कहा कि रोड के दोनों तरफ लंबी बैरिकेडिग कराना है। मुख्य द्वार से केवल प्रत्याशी को आने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बैरिकेडिग का मेन प्वाइण्ट 10 फीसद ऊंचा एवं जाली लगाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। बैरिकेडिग को और मजबूत करने और कलेक्ट्रेट के पिछले गेट को बंद करने के भी निर्देश दिए। एडीएम प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी बैरिकेडिग प्वाइंट और चौराहों के चारो तरफ सीसी टीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट भवन के पश्चिम तरफ ग्राउंड फ्लोर पर चहारदीवारों के किनारे स्थाई जाली लगाने के लिए एडीएम प्रशासन को निर्देश दिए। सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र सहित संबंधित प्रशासन व पुलिस के अफसर थे।

**एक ही गेट से वकीलों व कर्मचारियों की होगी इंट्री**– डीएम ने दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के गेट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के वाहनों की पार्किंग के बारे में जानकारी ली। कहाकि जिस गेट से कर्मचारियों की इंट्री होगी, उसी गेट से अधिवक्ताओं की भी इंट्री होगी। केवल मजिस्ट्रेट, आरओ, नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी से अधिकृत किए गए वाहन को ही बैरिकेडिग के अंदर आने की अनुमति होगी। लेकिन इन सभी वाहनों के लिए पास जारी किया जाएगा।

## नुक्कड़ नाटक कर किया कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक

बलरामपुर (आजमगढ़)। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत गुरूवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा. इंद्र नारायण तिवारी, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी सीपी गुप्ता के निर्देश पर शहर के कलेक्ट्रेट चौराहा, जिला अस्पताल सहित कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक एव लोकगीत का आयोजन किया गया। जिला कुष्ठ उन्मूलन विभाग के सहयोग से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में लोकगीत और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर रही भोजपुरी लोकगीत समिति के कलाकरों रामचन्द्र चौहान पर्यवेक्षक, प्रेमचन्द्र, शशिभूषण द्विवेदी, शैलेश और मुन्ना लाल ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण, परिणाम व बचाव के बारे में जानकारी दी। यह बताने की कोशिश की गई कि कुष्ठ लाइलाज नहीं है। समय पर उपचार कराने से तथा एमडीटी के खुराक का नियमित सेवन करने से यह पूरी तरह से ठीक हो जाता है।

## भूमिहार समाज के संस्थापक सदस्य के निधन पर हुई शोक सभा

दोहरीघाट, मऊ। भुमिहार समाज के संस्थापक सदस्य शिक्षक समाज सेवी कांछी कला निवासी रामजी राय के निधन पर गोठा बाजार मंण्डी प्रागण मे भुमिहार समाज द्वारा शोक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गयी। भुमिहार समाज के अध्यक्ष रमेश राय ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि भुमिहार समाज के उत्थान व संगठन को आगे ले जाने किये उनका अनुकरणीय योगदान रहा है वे समाज के संस्थापक सदस्यो मे से एक थे। श्रद्धांजली सभा की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार राय उर्फ राजू राय ने कहा कि स्व रामजी राय छल कपट से कोसो दूर थे। उन्होंने समाज व संगठन की मजबूती के लिये अग्रिम पक्ति मे रहकर बहुत कुछ किया उनके बताये रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी।

## ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर, 3 युवक गंभीर घायल

नगरा। भीमपुरा थाना क्षेत्र के भीमपुरा बरौली मार्ग पर जजौली स्थित पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की रात्रि में खड़ी ट्रक में बाइक सवार युवकों ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक वहीं गिर गए और गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने तीनों को मऊ भेजवाया जहां पर सिंटू चौहान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी सिंटू चौहान पुत्र कन्हैया उम्र 25 वर्ष, शिव लाल चौहान पुत्र चंद्रभूषण उम्र 27 वर्ष, शैलेश चौहान पुत्र हरेंद्र उम्र 28 वर्ष भीमपुरा बाजार से रात्रि करीब 8 बजे के आसपास अपने घर जा रहे थे। अभी वह जजौली स्थित पेट्रोल पंप के पास ही पहुँचे थे कि अनियंत्रित होकर वहां पर खड़ी ट्रक में सीधी टक्कर मार दी। जिसके बाद से तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना वहां पर उपस्थित लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस के पहुँचने के बाद घायलों को मऊ निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने सिंटू चौहान को मृत घोषित कर दिया। बाकी दो का इलाज अभी चल रहा है। ट्रक में बाइक की टक्कर के बाद ट्रक चालक व खलासी वहां से भाग गए।

## चोरी की दो बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

मऊ। गुरूवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस द्वारा भातकोल मोड़ से अभिषेक पुत्र रामजीत राजभर निवासी काछिकाला थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स यूपी 54 एए 2181 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त मोटरसाइकिल चोरी की सूचना थाना स्थानीय पर वादी मो0 इमरान निवासी फुलेलपुरा थाना कोपागंज द्वारा दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पूर्व में मु0अ0सं0 55/21 धारा 379 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि0 का बढ़ोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अमित कनौजिया पुत्र लक्ष्मण कनौजिया निवासी सिद्धा अहिलासपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो यूपी 54 वी 7338 बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## 1 किलो 760 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

मऊ। गुरूवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान पशु अस्पताल मुंशीपुरा के पास से जावेद पुत्र बदरूद्दीन निवासी मुंशीपुरा थाना कोतवाली जनपद मऊ के कब्जे से 01 किलों 760 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 64/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## छुट्टा पशुओं ने नेशनल हाईवे किया जाम



घोसी, मऊ। घोसी नगर में जहाँ प्रति दिन स्थानीय पुलिस व पेरा मिलेट्री फोर्स का फ्लैग मार्च होता था। वही गुरुवार की दोपहर घोसी तहसील मुख्यालय पर जानवरो का एक फ़्लैग मार्च निकला। जिससे कुछ देर के लिये आवा गमन बाधित हो गया। बताते चले कि गुरुवार की दोपहर दर्जनों की संख्या मे छुट्टा पशुओ का एक समूह अचानक से नेशनल हाईवे स्थित तहसील मुख्यालय के सामने आ गया। उसी दौरान सायरन बजाती एक एम्बुलेंस भी आगई। जिसकी आवाज से इन पशुओं का झुण्ड और भी बौखला गया। जिससे कई लोग घायल होने से बचे और इन्हें तीतर बितर करने में लगभग आधे घण्टे का जाम लग गया। जिससे नेशनल हाईवे पर आवा गमन बाधित रहा।

## कुष्ठ रोग के रोगियों के परिवार तथा अगल-बगल के लोगों को खिलाई जाती है यह दवा

मऊ। स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के तहत जनपद के सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है, समाज में कुष्ठ रोग का ज्यादा प्रसार न हो सके इसके लिए कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति के आसपास रहने वाले लोगों को कैप्सूल रिफेम्पसिन खिलाई जाती है। लोगों को इससे बचाव के विभिन्न तरीके तथा रखरखाव के उपाय बताये जा रहे हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्याम नरायन दुबे दी। सीएमओ डॉ दुबे ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत कुष्ठ रोग से मुक्त हो इसके लिए सभी ग्राम सभाओं में कुष्ठ के प्रति भेदभाव को मिटाने के लिए लोगों में जागरूकता अभियान 30 जनवरी से शुरू हुआ है, जो आगामी 13 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत नये कुष्ठ रोगियों के परिवार और आसपास के घरों में कैप्सुल आर-सिन खिलाने के लिये जागरूक किया जा रहा है। कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए घर-घर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कुष्ठ रोग स्पर्श करने अथवा छूने से नहीं फैलता है यह संदेश दिया जा रहा है। जिला कुष्ठ अधिकारी और नोडल डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि नये कुष्ठ चिन्हित रोगियों के परिवारों और उनके आस-पास निवास करने वाले परिवारों में कैप्सूल आर-सिन खिलाने के लिए पेप कार्यक्रम के अंतर्गत निर्देशित किया गया है। कैप्सूल आर-सिन एक तरह की बूस्टर दवा है जो शरीर में कुष्ठ रोग के संक्रमण को बढने से रोक देता है। इस बात को इस प्रकार से समझा जा सकता है इस दवा के सेवन से रोगी के परिवार के लोगों में कुष्ठरोधक क्षमता बढ़ जाती है। किसी भी कारण से उनके अंदर मौजूद रोग के संक्रमण का कारण रोगाणु या बैक्टीरिया जिसे माईकोबैक्टीरियम लेप्री उसका विकाश अवरोधित हो जाता है, इस रोग से अन्य लोग संक्रमण के चपेट में आने से सुरक्षित हो जाते हैं। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ कृष्णा यादव ने बताया कि जनपद के सभी ब्लाकों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी ग्राम सभाओं,सभी नगरीय वार्डो, हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर कुष्ठ जागरूकता अभियान तहत जिलाधिकारी द्वारा सभी के लिए दिए गए संदेश अभियान के दौरान पढ़े जा रहे हैं। कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करने का उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने का संकल्प दिलाया जा रहा है। जिसमें की हाथ मिलायें कुष्ठ मिटाएं। जन-जन तक दे दो संदेश कुष्ठ रोग मुक्त हो देश प्रदेश। जन जन के सहयोग की शक्ति से कुष्ठ मिटे हर बस्ती से। दाग चकत्ता सुन्न निशान कुष्ठ रोग की है पहचान। कुष्ठ रोग पाप नहीं यह कोई अभिशाप नहीं।

# तेज रफ्तार का कहर! बस ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, मौत

प्रखर चंदवक जौनपुर । क्षेत्र के बजरंगनगर बाजार में तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही हुए मौत। आक्रोशित ग्रामीणों ने वाराणसी आजमगढ़ मार्ग को जाम कर कर सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग की। घटना स्थल पर चंदवक थाना

**वाराणसी- आजमगढ़ रोड को ग्रामीणों ने किया जाम**

समेत अन्य थानों की फोर्स भी रही मौजूद। मौके पर पहुँचे सीओ जिला नोडल अधिकारी गौरव शर्मा व तहसीलदार राम सुधार राम ने परिजनों से मिल हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाते हुए सड़क जाम हटवाकर आवागमन को दुचारु रूप कराया चालू। गौरतलब हो कि क्षेत्र के मूर्खा गांव निवासी शिव कुमार उम्र 35 वर्ष व सेनापुर गांव निवासी सर्वजीत राम उम्र 45 वर्ष दोपहर करीब एक बजे बजरंगनगर बाजार से बाइक से घर जा रहे थे कि बाजार के उत्तरी छोर पर गांव की तरफ घूमते समय वाराणसी से आजमगढ़ जा रही प्राइवेट बस ने पीछे से रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मौका देख बस चालक फरार हो गया



पुलीस बस को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।

**रोते बिलखते पहुंचे परिजन**– घटना की जानकारी होने पर दोनों घरों में कोहराम मच गया है। रोते-बिलखते परिजन दुर्घटनास्थल पर आ गए। आक्रोशित परिजनों व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। जाम होने की वजह से वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ग्रामीणों को समझाने का किया प्रयास। एहतियात के तौर पर अन्य थानों की पुलिस को भी बुला लिया गया है। लेकिन आक्रोशित भीड़ सड़क जाम हटाने तैयार नहीं हुई। केराकत सर्किल के अन्य थानों की पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुलाया गया है। परिजन मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग पर डटे रहे।मौके की स्थिति की जानकारी होते ही सीओ जिला अधिकारी गौरव शर्मा व तहसीलदार राम सुधार राम ने मौके पर पहुँच परिजनों को प्रशासनिक हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाते हुए आवागमन को दुचारु रूप से कराया चालू।

**छिन गया सिर से पिता का साया**– बता दे कि सेनापुर निवासी डॉ सबरजीत राम अपनी रोजी रोटी के लिए कंजहित में पशु उपचार के लिये दुकान खोल अपने परिवार का भरण पोषण करते थे उनके चार बेटो में दो लड़की व दो लड़के सहित छः लोग रहते थे पत्नी चंपा देवी ने बताया कि बच्चों के सर से उठ गया पिता का साया वही मूर्खा निवासी शिवकुमार के तीन बेटो में दो लड़की व एक लड़का सहित पांच लोग रहते है। पत्नी रेनू देवी ने बताया कि मेरे बच्चों के सर से छीन गया पिता का साया। मेरे परिवार उन्हें के सहारे चलता था, अब कैसे हम लोग किसके सहारे अपनी जिंदगी को जियेंगे।

## जमीन विवाद में मारपीट छह घायल

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम डेहरी में गुरुवार को शाम लगभग चार बजे जमीन सम्बन्धी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष से दयाराम लाठी डण्डे से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। वही बीच बचाव करने पहुँचे उनके परिजनों में किरन देवी,चन्द्रमा देवी और धरमवीर घायल हो गये। वही द्वितीय पक्ष से संदीप और अमरजीत पुत्र साहब लाल को भी गहरी चोट लगी। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने दयाराम को बेहतर उपचार हेतु जिलाचिकित्सालय रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच के रही है।

## सियासी गलियारों में सपा के बब्लू अंसारी का नाम उछाल पर

रसड़ा (बलिया)। रसड़ा विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी गठबंधन द्वारा अभी तक किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं होने से समाजवादी पार्टी और सुभासपा के सभी टिकट दावेदारों में जहां अभी तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है वहीं इस सीट पर सपा नेता बदरुद्दूजा जाफरी उर्फ बबलू अंसारी का नाम रसड़ा विधानसभा क्षेत्र सहित जिले से लेकर लखनऊ के राजनीतिक गलियों में जोर शोर से चलना बताया जा रहा है। सपा नेता बदरूदूजा जाफरी उर्फ बबलू अंसारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुआ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के बहुत ही करीबी नेता माने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि बबलू अंसारी के पिता स्वर्गीय हाजी नूरुल बशर अंसारी बसपा पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य व कई बार अपने गांव के प्रधान भी रहे है। बबलू अंसारी रसड़ा ब्लॉक व चिलकहर ब्लॉक दोनों में सपा नेता के साथ ही एक अच्छे स्वभाव के लोकप्रिय समाजसेवी से जाने व पहचाने जाते हैं। गौरतलब हो कि बदरुद्दूजा जाफरी उर्फ बबलू अंसारी समाजवादी पार्टी ग्रहण करने के बाद से ही रसड़ा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए उत्तर प्रदेश में किए है समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की अपील कर पार्टी को सर्वोच्च स्थान पहुंचाने के मुहिम चला रहे हैं।

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुई बीएचयू के छात्रों की पत्रिका मृगतृष्णा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कोरोना महामारी में लॉकडॉउन के समय शुरू हुई एक ऑनलाइन बहुभाषी मासिक पत्रिका "मृगतृष्णा" का नाम अभी हालही में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। मृगतृष्णा पत्रिका के प्रधान संपादक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्ययनरत प्रिंस तिवाड़ी ने बताया कि कोरोना की पहली लहर में लॉकडाउन के वक्त जिस समय सम्पूर्ण विश्व कोरोना की महामारी से लड़ रहा था उस वक्त बीएचयू के कुछ छात्र-छात्राओं के समूह ने मिलकर 28 जुन 2020 को मृगतृष्णा नामक एक ऑनलाइन बहुभाषी मासिक पत्रिका का शुभारंभ किया था। धीरे धीरे इस




पत्रिका ने पूरे विश्व में अपनी छाप छोड़ना प्रारंभ कर दिया। पत्रिका की टीम ने कई विशेषांक प्रकाशित किए जिसका विमोचन भी देश-विदेश की जानी मानी हस्तियों ने किया। गौरतलब यह भी है कि इस पत्रिका को मोबाईल के माध्यम से इसकी पूरी टीम तैयार करती हैं। यह मोबाइल से चलने वाली पहली ऑनलाइन ई-पत्रिका है।इस पत्रिका के मार्गदर्शक मंडल में संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के छट्ठे कार्यकारी निदेशक ऐरिक सॉल्हेम भी शामिल है। पत्रिका के सम्पादक मंडल में अंशिका अग्रवाल, आँचल गुप्ता,प्रत्युष रौनक, वारीजा श्रीवास्तव, आकांक्षा गुप्ता,फातिमा अन्सारी,चारु पाण्डेय देवांशी बाग,अंकु कुमारी शर्मा,नम्रता ठाकुर,मुस्कान कुमारी, अतुल्य अंकित,कनिका कपूर,जैनब अंसारी, कस्तूरी अग्रहरी,हर्षिता सिंह,अणिमा अदिति,अंकित कुमार सिंह आदि शामिल हैं।

## मुस्तफाबाद गाँव में नव निर्मित दुर्गा मन्दिर का कल बसंत पंचमी मनाया गया

प्रखर वाराणसी। मन्दिर का निर्माण आज से लगभग 20 वर्ष पूर्व माँ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्री श्रीशचंद्र सिंह द्वारा गाँव वाशिवों के सहयोग से किया गया। मन्दिर की ऊंचाई लगभग 70फिट तथा क्षेत्रफल 2500 वर्गफीट है। 6फीट ऊंची माता दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण राजस्थान के कारीगरों द्वारा किया है प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व आचार्य श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में काशी के 9 ब्राह्मणों द्वारा दिनाँक 1 फरवरी से ही श्री श्री 108 शत चंडी महा यज्ञ कराया जा रहा है। इस क्रम में प्रथम दिन कलश यात्रा, द्वितीय दिन माता जी का जलाधिवास, तृतीय दिन सर्वाधिवास (अन्न, फल, फूल, मिष्ठान, घी, दूध, पल्लव) से किया गया।आज चौथे दिन माता रानी का दिव्य शोभा यात्रा(नगर भ्रमण) गाँव के विभिन्न क्षेत्रों में निकला गया। प्रथम दिन से ही सायं श्री सिया किशोरी जी महाराज द्वारा संगीतमय



राम कथा किया जाता है। कल प्राण प्रतिष्ठा तथा भण्डारे का आयोजन है।इस कार्यक्रम में श्रीशचंद्र सिंह, ज्योति भूषण त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, प्रणय कुमार सिंह उर्फ बेचन सिंह, गुलाब सिंह, अवधेश सिंह,फौजदार सिंह, करमेश सिंह, नन्दू सिंह, प्रेमशीला सिंह, मनोज सिंह, सीमा सिंह, पुटुन्नी सिंह, उमेश सिंह एडवोकेट उर्फ पिन्टू सिंह,रामजी सिंह, देवी सिंह, परमानन्द त्रिपाठी,प्रभुनारायण सिंह, जिया यादव, पारस राम, धर्मेन्द्र सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, आशीष सिंह, रवि सिंह,तरुण सिंह, निरंकार सिंह, त्रिलोकी सिंह, वैभव सिंह, सुभांशु सिंह, कन्हैया,अवनीश सिंह, देवमुनि सिंह, चन्दन सिंह, नंदन सिंह,77 गोपाल सिंह, राधेश्याम सिंह,श्यामनंदन सिंह, बृजनाथ सिंह, अजय सिंह, चंद्रमा सिंह ,भिक्खू सिंह,इत्यादिसहित सभी ग्राम वासी पूर्ण आस्था व उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।


## डीएम और एसपी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण



प्रखर जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के साथ विधानसभा निर्वाचन - 2022 एवं स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन के नामांकन की कार्यवाही के लिए बनाए गए कक्षों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नामांकन स्थलों पर बैरीकेडिंग, सी.सी.टी.वी कैमरे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि नामांकन के समय कोविड-19 की गाइडलाइन का सख्ती के साथ पालन कराया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व, रजनीश राय, अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र दुबे सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल बदमाश हुआ गिरफ्तार, साथी फरार

प्रखर जौनपुर। जिले में बदमाशों ने पुलिस टीम पर हमला किया लेकिन पुलिस की गोली ने उसका माकूल जवाब दिया। पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश पकड़ा गया उसका साथी भाग निकला। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में शातिर अपराधी अबुल उर्फ आमिर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। बदमाश की ओर से की गई फायरिंग में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर बाल-बाल बच गए। एक गोली उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगी। अगर उन्होंने जैकेट न पहनी होती तो जान खतरे में पड़ सकती थी। गौराबादशाहपुर और क्राइम ब्रांच की टीम गुरुवार रात दुधौरागांव के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नहर के रास्ते बोलेरो आती दिखाई दी। नजदीक आने पर पुलिस ने टार्च की रोशनी देते हुए उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन गाड़ी चालक उसमें बैठा एक और युवक खेत में भागने



लगा। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों को आत्मसमर्पण के लिए भी कहा, लेकिन उनमें से किसी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एक गोली थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। जबकि हेड कांस्टेबल विनोद यादव के बायें कंधे से गोली छूते हुए निकल गई। जिससे वे घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली भाग रहे युवक के दाएं पैर में लगी। इससे वह घायल होकर गिर पड़ा। जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर उसका साथी फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान अबुल उर्फ आमिर उर्फ करिया पुत्र कयूम उर्फ कईम निवासी बक्शापुर थाना बरदह जिला आजमगढ़ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक तमंचा, दो कारतूस, एक मोबाइल 1320 रुपये और अमेठी जनपद से चोरी की गई बोलेरो बरामद हुआ। पुलिस ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा है। थानाध्यक्ष के मुताबिक गिरफ्त मे आए बदमाश पर आजमगढ़ और जौनपुर के थानों में 17 मुकदमे दर्ज हैं।

## आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी मनबढ़ लोगों ने घर में घुस के किया मारपीट व तोड़फोड़

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। मिजार्मुराद स्थानीय थाना क्षेत्र कछवा रोड चौकी अंतर्गत ग्राम छतेरी में दबंगाईयो ने बिहारी लाल प्रजापति के मकान का दिनदहाड़े लोहे के दरवाजे का ताला व कुंडी तोड़ा, अंदर घुस काफी सामान नुकसान किया व बिहारी लाल के मकान के बाहरी कमरे में रखे गौ चारे को भी आग के हवाले कर दिया। जिससे आस पास के लोगो में भगदड़ का माहौल बन गया और बगल के ही एक कमरे में बिहारी लाल प्रजापति के घर की लड़की का दबंगाईयो ने बाल खींच कर घर के बाहर घसीटा । पीड़ित ने बताया कि कुल 20 से 25 की संख्या में दबंगों ने तोड़ फोड़ कर के घर में घुस गए और काफी सामान नस्ट किये। उन लोगो ने दूसरे कमरे में बैठी महिलाओं के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार किया। वहीं पर दबंगों ने भूसा रखा देख उसमें भी आग लगा दिया अफरा तफरी का माहौल हो



गया जिससे भगदड़ मच गई । और परिवार के लोगो को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जिससे उनके परिवार वाले काफी डरा व सहमा हुआ है और परिवार असहज महसूस कर रहा है । पीड़ित परिवार के सदस्य विकास कुमार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए, बुद्धू यादव चुल्ली यादव रमेश बिंद व अन्य के खिलाफ नामजद तहरीर दी। जिसके बाद थाने में मामला दर्ज किया गया है। वही क्षेत्रवासियों का कहना है कि देखना यह है कि आचार संहिता लगा हुआ है । उसके बावजूद भी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए बुद्धू यादव ने लामबंद होकर जिस प्रकार आक्रामक प्रहार प्रजापति बस्ती वालों के साथ किया क्या पुलिस उनको न्याय दिलाएगी या नहीं और आचार संहिता उल्लंघन करने वाले दबंगई करने वाले गुंडों के खिलाफ पुलिस कौन सी कार्यवाही करती है बिहारी लाल प्रजापति को न्याय मिलता है या नहीं।

## खेतासराय में कांस्टेबल ने जहर खाकर जान देने की किया कोशिश

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। पुलिस लाइन से अटैच सिपाही ने गुरुवार को खेतासराय में कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। कांस्टेबल ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया रहस्य बना हुआ है।आननफानन में साथी पुलिस कर्मियों ने निजीय अस्पताल पहुँचाया।हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल पहुँचाया, बाद में उन्हें बीएचयू में भर्ती कराया गया जहाँ हालत खतरे बाहर बताई जा रही है।एसपी सिटी डॉ संजय कुमार ने कहा कि सिपाही की डिस्चार्ज के बाद पूछताछ की जाएगी। मूल रूप से खेतासराय में तैनात रहा कांस्टेबल उमेश यादव 28 वर्ष पुत्र रामबहाल यादव निवासी मायाबाजार थाना महराजगंज, फैजाबाद में गुरुवार की रात्रि साढ़े दस बजे कीटनाशक पदार्थ खा लिया।दो सप्ताह पूर्व से वह पुलिस लाइन से अटैच है।थाने के मुख्य द्वार के पास किराया पर रह रहा था। सूत्रों की मानी जाए तो गैर हाजिर के चलते यहाँ से पुलिस लाइन भेज दिया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया।खेतासराय पुलिस ने तुरंत एक निजीय अस्पताल पहुँचाया।बाद में जिला अस्पताल के बाद बीएचयू भेज दिया गया। खबर पाकर परिजन भी मौके पर आ गए। एसओ श्रीप्रकाश ने बताया कि कांस्टेबल पुलिस लाइन में ड्यूटी कर रहा है, यही पर निजीय रूम लेकर रहता था।जहर क्यों खाया जाँच के बाद ही स्पष्ट होगी। अन्य कोई कारण बताने से इनकार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ संजय कुमार ने कहा कि सिपाही अब खतरे से बाहर है,मामले की जाँचकर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।मामला कुछ भी हो पुलिस की इस कांस्टेबल की आत्मघाती कदम से पुलिस महकमा में हड़कम्प मचा रहा।खबर लिखे जाने तक कारण स्पष्ट नही हो सका।

## संक्षिप्त खबरें

### कोपा प्राथमिक विद्यालय के पीछे रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



प्रखर पतरही जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोपा में प्राथमिक विद्यालय के पीछे रेलवे लाइन पर बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे के करीब डेमू पसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की कटकर मौत मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और डायल 112 नम्बर पुलिस।बता दें कि युवक की पहचान उसके मोबाइल की सिम से बरहपुर निवासी आनन्द निषाद उर्फ बिजली पुत्र मेवालाल निषाद उम्र 22 साल के रूप में हुई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### गैंगेस्टर का वांछित पुलिस के पकड़ से बाहर

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस गत दो वर्षो से फरार गैंगेस्टर एक्ट के आरोपितों के खोजबीन में जुटी पुलिस के हाथ अब भी खाली है। जिससे जहाँ लोगों में दहशत है वही बदमाशों के हौसला बुलन्द है। बताया जाता है कि जनपद के विभिन्न थानों में लूट, छिनैती के मामलों वांछित अतहर पुत्र अलाउद्दीन निवासी नेवादा थाना फूलपुर आजमगढ़ गैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ उसके गिरफ्तारी के लिए प्रयास में जुटी पुलिस को निराशा हाथ लगी। जबकि इस बाबत कोर्ट ने भी फटकार लगाई लेकिन पुलिस अभी भी सुस्त है। इस बाबत थाना प्रभारी मुन्नाराम घोसिया ने बताया कि उसे तलाश में दबिश देने के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई हो रही है।

### कैण्ट पुलिस ने अवैध देशी तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त सागर खान को किया गिरफ्तार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा 3 फरवरी को मुखबिर की सहायता से अभियुक्त सागर खान पुत्र इन्तिजाम खान नि०- C 18/18 पितरकुण्डा लल्लापुरा थाना सिगरा वाराणसी को पंचवंशी लान के सामने थाना कैण्ट से समय 15.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त



के कब्जे से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। उक्त के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 - 0052/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह थाना कैण्ट ,उ0नि0 गौरव पाण्डेय चौकी प्रभारी नदेसर ,हे0का0 बनबीर सिंह , हे0का0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह , का0 अनिल कुमार गुप्ता ,का0 मनीष कुमार बघेल क्राइम टीम सहित कैण्ट थाना के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### बनारसी अंदाज में सपा ने चलाया स्लोगन 2022 में खेला होई

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 389 वाराणसी शहर दक्षिणी विधानसभा से समाजवादी पार्टी से प्रबल दावेदार पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी ने बताया की भाजपा सरकार देश को बेच रही है मन्दिर के नाम पर देश को ठगने व बलगलाने का काम कर रही है प्राचीन मन्दिरो को तोड़कर नवनिर्माण कराने के नाम पर काशी



के लोगों को ठगने का काम कर रही है प्रधानमंत्री ने कहा था की बनारस को क्योटो बना देंगे लेकिन क्योटो की जगह काशी को बदसूरत बना दिया जगह जगह गड्ढे करके सरकार क्योटो की जगह जनता को केवल लूटा है। 2022 विधानसभा चुनाव में वाराणसी में दक्षिणी विधानसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी ने चलाया स्लोगन ए बार खेला होई।

### ग्रामसभा भदवा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेक्टर प्रमुख और बूथ अध्यक्षों का मीटिंग रखा गया

प्रखर पूर्वांचल दानगंज वाराणसी। आज दिनांक 4.2. 2022 को सेक्टर शक्ति केंद्र भदवा मैं एक बैठक संपन्न हुई जिसमें भाजपा के प्रवासी प्रचारक द्वारा जीत का मूल्य मंत्र दिया गया वह शक्ति केंद्र भदवा अरविंद चौबे बूथ अध्यक्ष भी भिदुर रमेश गिरी त्रिलोकी सिंह ,भदवां रितेश सिंह, रसड़ा बबलू चौबे गायक ,भदवां राहुल



चौबे मीडिया प्रभारी चोलापुर ,भदवां अभिनव चौबे उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ,राम प्रसाद चौबे आदि लोग रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं